चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 166 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
09 दिसंबर 2024
सोमवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
28 अधिकतम
11 न्यूनतम



Page-7



## किसान मार्च स्थगित बन रही नई रणनीति


### सुप्रीम कोर्ट का तत्काल सुनवाई से इनकार, हाइवे खोलने दायर थी याचिका

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पास शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों ने फिलहाल अपना दिल्ली मार्च स्थगित कर दिया है। जिसके बाद अब प्रदर्शनकारी किसान आज अपना आगे का प्लान तैयार कर रहे हैं। उनका कहना है कि कल प्रदर्शन में पुलिस ने आंसू गैस के गोले और रबर की गोलियां बरसाई, जिसमें 6-8 किसान घायल हो गए और एक घायल को पीजीआई, चंडीगढ़ रेफर किया गया है। शंभू बॉर्डर पर जारी किसान आंदोलन का मामला सुप्रीम कोर्ट में भी पहुंचा, हालांकि आज इस मामले में कोर्ट ने तुरंत सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट में इस मामले को लेकर एक याचिका दाखिल की गई थी, जिसमें शंभू बॉर्डर सहित सभी हाईवे को खोलने के निर्देश केंद्र, पंजाब और हरियाणा सरकार को देने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया था कि इस तरह हाईवे को अवरुद्ध करना लोगों के मौलिक अधिकारों के खिलाफ है।ऐसे में हाईवे को रोकने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए.

## दमोह से मथुरा जा रही बस पलटी, 9 घायल

**दमोह।** आज सुबह नोहटा थाना अंतर्गत सोन नदी के पुल के पास अलसुबह बस पलट गई। हादसे में उसमें सवार 17 यात्रियों में से 9 लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए दमोह के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से दो की हालत गंभीर होने पर जबलपुर रेफर किया गया है। घटना के संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा ने बताया कि सिवनी जिले के लखनादौन से तीर्थ यात्रा पर मिनी ट्रैवल्स बस से मथुरा जा रहे यात्रियों की गाड़ी की गाड़ी पलट गई। नोहटा थाना अंतर्गत पुल के समीप सोमवार की सुबह करीब 4 बजे ये हादसा हुआ।

## आज का कार्टून




- साभार : माधव जोशी

### प्रधानमंत्री से मुलाकात संभावित, सांसदों से करेंगे संवाद

# मुख्यमंत्री ने दिल्ली में डेरा डाला सरकार पर्व की तैयारी में व्यस्त

**भोपाल.दोपहर मेट्रो**



मप्र सरकार दो दिन बाद शुरू हो रहे जनकल्याण पर्व की तैयारी में जुटी है। मैदानी अफसरों को मुस्तैदा किया जा रहा है। पंद्र दिन का यह आयोजन सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर किया जा रहा है इसमें आमजनता के लिये सौगातों के अलावा उनकी शिकातयों को सुनकर तत्काल हल करने की भी कोशिशें होगी। इधर मुख्यमंत्री मोहन यादव आज से अब दो दिन तक दिल्ली में रहेंगे। वे आज हरियाणा में हैं। सीएम ने मंगलवार को प्रधानमंत्री कार्यालय से समय भी मांगा है। यदि मुलाकात होती है तो सीएम यादव प्रधानमंत्री को केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना की आधारशिला रखने और व फरवरी 2025 में प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए आमंत्रित कर सकते हैं।

आज मोदी हरियाणा में बीमा सखी योजना की शुरूआत कर रहे हैं। इसके तहत महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का लक्ष्य है और उन्हें तीन साल में दो लाख रूपए का स्टायपेंड भी मिलेगा।

सीएम यादव बीती रात ही दिल्ली रवाना हो गए थे। उन्होंने वहां ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत वरिष्ठ नेताओं व पार्टी के कुछ पदाधिकारियों से भेंट की और मप्र में किए जा रहे कामों से उन्हें अवगत कराया है। आज वे हरियाणा रवाना हो गए जहां कुरूक्षेत्र में आयोजित गीता महोत्सव कार्यक्रम में सहभागिता कर रहे हैं। यहां से लौटकर आज शाम वे दिल्ली में भाजपा के मप्र के सांसदों से मिलेंगे। यह मुलाकात मप्र भवन में होगी। इसमे लोकसभा व राज्यसभा सांसदों भी मौजूद रहेंगे। सूत्रों के मुताबिक सीएम ने सांसदों को डिनर पर आमंत्रित किया है। वह पूर्व में मप्र कैडर के दिल्ली में पदस्थ अधिकारियों को भी डिनर दे चुके हैं।

### ग्लोबल इन्वेस्टर समिट की तारीख आगे बढ़ी

इधर राजधानी में पहली बार आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट की तारीखें सरकार को आगे बढाना पडी हैं। अब यह समिट 24 व 25 फरवरी को संभावित है। पहले यह फरवरी के पहले सप्ताह में होना थी। इसमें देश–विदेश के हजारों निवेशकों को आमंत्रित किया जा रहा है। जानकारों की मानें तो जिस दौरान पूर्व से तारीख तय थी उस समय भोपाल में होटलें खाली नहीं मिल रही थी, सरकार व निजी संस्थानों के अनेक कार्यक्रम भी लगे हुए थे जिसे देखते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर के उक्त कार्यक्र्म को आगे बढ़ा दिया है। उक्त समिट में मप्र को हजारों करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिलने की आस है। समिट के लिए सीएम यादव यूके व जर्मनी के निवेशकों को न्यौता दे चुके हैं। अब जल्द ही दूसरे देशों में न्यौता देने के लिए जा सकते हैं। सीएमओ अभी इसकी प्लानिंग कर रहा है। वहीं राज्य के अधिकारी दूसरे राज्यों के निवेशकों से संपर्क में है। गौरतलब है कि यादव सरकार निवेश लाने के हर स्तर पर जतन कर रही है। अभी तक हजारों करोड़ों के प्रस्ताव मिले हैं। रीजनल स्तर पर भी समिट करके स्थानीय उद्योगपतियों को आगे लाया जा रहा है। हालांकि बडे उद्योंगों की शुरूआत आदि में कुछ समय लगेगा।

## अडाणी, सोरेस मुद्दे पर दोनों सदनों में जोरदार हंगामा

**नई दिल्ली।** संसद में सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध गहरा रहा है। आज भी जार्ज सोरस व सोनिया गांधी के बीच साठगांठ को लेकर जमकर हंगामा हुआ और दो बार दोनों सदनों की कार्रवाई स्थगित करना पडी। लोकसभा में इससे पहले अदाणी, संभल जैसे मुद्दे और फिर भाजपा के राहुल गांधी पर गंभीर आरोपों को लेकर हंगामा होता रहा है। राज्यसभा की कार्यवाही नोटों की गड्डी मिलने को लेकर भी हंगामेदार रही। अब आज जॉर्ज सोरेस और सोनिया गांधी के बीच कथित सांठगांठ के आरोपों पर भाजपा की ओर से चर्चा की मांग के बाद विपक्ष ने शोर मचाना शुरू कर दिया। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित की गई है। अदाणी समूह से जुड़े मामले और कुछ अन्य विषयों को लेकर विपक्षी दलों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। इससे पहले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा, देश को कांग्रेस, विपक्षी दलों और अंतरराष्ट्रीय शक्तियों के बीच संबंधों के बारे में जानने का अधिकार है। इस मुद्दे को सदन में उठाना सांसद का अधिकार है। लेकिन विपक्ष आवाज और उनके (विपक्ष) अंतरराष्ट्रीय संबंधों को दबाने की कोशिश कर रहा है।

## मुकुट हटा, साड़ी हरी, सरकार ने बदली तेलंगाना माता की छवि, मचा बवाल

**हैदराबाद, एजेंसी**



कांग्रेस की रेवंत रेड्डी सरकार के एक फैसले से तेलंगाना में घमासान मच गया है। सरकार ने तेलंगाना थल्ली यानी तेलंगाना की माता की प्रतिमा का स्वरूप बदल दिया। कांग्रेस ने देवी के स्वरूप से तेलगू संस्कृति की प्रतीक वथकम्मा के कलश और मुकुट को हटा दिया। उनकी साड़ी के रंग को भी बदल दिया है। रेड्डी ने नई प्रतिमा को राज्य सचिवालय में लगवाई है, जिसका लोकार्पण कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के जन्मदिन पर आज हो रहा है। बीजेपी ने इसे तेलगू अस्मिता पर हमला करार दिया है तो भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने इसके खिलाफ तेलंगाना हाई कोर्ट में अर्जी लगाई है। बीजेपी का आरोप है कि तेलंगाना की कांग्रेस सरकार राजनीतिक हितों के लिए तेलंगाना की सांस्कृति पहचान से छेड़छाड़ कर रही है। कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी पार्टी की सर्वोच्च नेता सोनिया गांधी को 'तेलंगाना की मां' बोलते हैं। कांग्रेस ने वथकम्मा कलश हटाकर देवी के हाथ खाली कर दिए हैं। उनके शरीर से तेलंगाना की समृद्धता की प्रतीक कमरबंद, पैरों में पहने जानी वाली बिछुवा और गुलाबी साड़ी भी बदल दी है। देवी के हाथ इसलिए खाली किए गए, वह कांग्रेस का चुनाव चिन्ह है।

## आईआरसीटीसी की वेबसाइट ठप

**नई दिल्ली, एजेंसी**


रेल्वे की आईआरसीटीसी की वेबसाइट आज सुबह ही ठप हो गई है। तत्काल टिकट बुकिंग के समय ही आईआरसीटीसी की साइट ठप है। वेबसाइट पर मैसेज मिल रहा है फिलहाल मेंटेनेंस का काम चल रहा है। इसलिए अगले 1 घंटे तक कोई बुकिंग नहीं होगी। हालांकि आमतौर पर मेंटेनेंस रात 11 के बाादहोता है। ई यूजर्स ने भी सोशल मीडिया पर आउटेज को लेकर शिकायतें की हैं। आईआरसीटीसी की सर्विस डाउन होने के बाद एक्स पर तत्काल और आईआरसीटीसी दोनों कीवर्ड ट्रेंड कर रहे हैं। आमतौर पर मेंटेनेंस का काम रात में 11 बजे के बाद होता है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि कहीं यह साइबर अटैक तो नहीं है। हालंकि इस बारे में अधिकारिक तौर पर कोई बात सामने नहींआई है। अपडेट- वेबसाइट आज सुबह 10 बजे के पहले से ही डाउन है और अभी तक साइट पर जाने पर मेंटेनेंस का ही मैसेज मिल रहा है।

## ज्योति रात्रे ने शिवराज से की मुलाकात



**भोपाल,** मशहूर पर्वतारोही ज्योति रात्रे ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। शिवराज ने उनकी अद्भुत उपलब्धियों की सराहना करते हुए अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी, माउंट विन्सन मासिफ, पर चढ़ाई के उनके आगामी अभियान के लिए शुभकामनाएं दीं। चौहान ने ज्योति रात्रे के साहस और उनके मिशन ÷बिलीव इन योरसेल्फ÷ की प्रशंसा की, जिसके तहत वह विश्व की सात सबसे ऊंची चोटियों को फतह करने का लक्ष्य लेकर चल रही हैं। उन्होंने ज्योति को देश का गौरव बताया और युवाओं, विशेष रूप से महिलाओं, के लिए प्रेरणा स्रोत बताया।

## पत्रकार काशीनाथ शर्मा का निधन



**जबलपुर।** वरिष्ठ पत्रकार काशीनाथ शर्मा का देर रात निधन हो गया। 64 वर्षीय शर्मा को इलाज के लिये नागपुर ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उन्होंने दम तोड दिया। शर्मा लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय थे और विशिष्ट शैली के चलते अपने समकालीनों के बीच काफी लोकप्रिय थे। उन्होंने भोपाल में लंबे समय काम किया था। आज शाम जबलपुर में ही उनका अंतिम संस्कार किया जा रहा है।

## महू से बांद्रा के लिए खास ट्रेन 11 को

**इंदौर, एजेंसी।** शीतकालीन अवकाश के दौरान ट्रेनों में यात्री दबाव व लंबी वेटिंग के चलते रतलाम मंडल द्वारा इंदौर-मुंबई के बीच चलने वाली ट्रेनों में वेटिंग कम करने के लिए 11 दिसंबर से स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। महू-बांद्रा के बीच चलने वाली यह ट्रेन 11 दिसंबर से दो जनवरी तक दोनों ओर से सात-सात फेरे लगाएगी। महू से यह प्रति बुधवार और शनिवार को संचालित होगी। ट्रेन की बुकिंग आज से शुरू हो गई है।




## एक झपकी से ₹1990 करोड़ अकाउंट में ट्रांसफर

### मेट्रो एंकर

### बैंक ने नौकरी से निकाला, कोर्ट बोला उस दिन 812 मामले हैंडल कर चुका था, बहाल करें

**नई दिल्ली.एजेंसी**

बैंक कर्मियों पर काम के दबाव के किस्से तो बहुत सामने आते हैं लेकिन जर्मनी के एक बैंक में जो हुआ उसका अब चर्चा है। जबकि मामला करीब बारह साल पुराना है। तब 2012 में यहां के एक बैंक के कर्मचारी ने 222 मिलियन यूरो (करीब 1990 करोड़ रुपये से ज्यादा) गलत अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए थे और ये सब हुआ था काम के दौरान आई एक झपकी के चलते हो गया। बैंक ने इस गलती के कारण उसे नौकरी से निकाल दिया लेकिन कोर्ट ने उस कर्मचारी को राहत देते हुए उसे बहाल करने का आदेश दिया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जब बैंक क्लर्क की गलती ने बड़ी रकम को गलत अकाउंट में ट्रांसफर कर दिया था। क्लर्क को किसी ग्राहक के अकाउंट में महज 64. 20 यूरो भेजने थे, लेकिन इस काम को करने के दौरान उसे झपकी आ गई और कंप्यूटर के की-बोर्ड पर उसकी उंगली रखी ही रह गई। नींद का साइडइफेक्ट ये हुआ कि 64 यूरो की मामूली रकम की जगह उस खाते में 222 मिलियन यूरो ट्रांसफर हो



गए। इससे हड़कंप मच गया और आनन-फानन में एक अन्य बैंक कर्मचारी ने इस गलती को पकड़ते हुए ट्रांजैक्शन को स्टॉप कर दिया। लेकिन इस मामले में बड़ी लापरवाही उजागर हुई तो क्लर्क के अलावा सुपरवाइजर पर भी सवाल उठे, कि इस ट्रांजैक्शन को उसके द्वारा अप्रूवल कैसे दिया गया। इस गलती पर बैंक की ओर से संबंधिक कर्मचारी को बर्खास्त कर दिया था, जिसके बाद जर्मन बैंक के साथ उसकी कानूनी लड़ाई शुरू हो गई थी।

### अब अदालत ने सुनाया ये फैसला

लंबी कानूनी लड़ाई के बाद लेबर कोर्ट की ओर से इस मामले में आदेश दिया गया। कोर्ट ने बैंक द्वारा कर्मचारी को नौकरी से निकालने के फैसले को गलत करार दिया और कहा कि यह गलती क्लर्क ने जानबूझकर नहीं की थी। उस कर्मचारी ने भले ही अपनी गलती को नजरअंदाज किया हो, लेकिन बर्खास्त नहीं किया जाना चाहिए। जज ने कहा कि उस कर्मचारी पर समय का बहुत दबाव था, वह रोजाना सैकड़ों लेन-देन की समीक्षा करता था। 222 मिलियन यूरो के गलत ट्रांजैक्शंस वाली घटना के दिन कर्मचारी ने 812 डॉक्युमेंट्स को संभाला था और हर डॉक्युमेंट्स पर वो महज कुछ सेकेंड का समय ही दे पा रहा था। लिहाजा ऐसे में एक औपचारिक चेतावनी ही पर्याप्त थी।

## नाटक का मंचन



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** भारत की आजादी के संघर्ष में अनेक महिला क्रांतिकारियों के साथ सराय वालियों, तवायफों एवं नर्तकियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। एक ऐसी ही महानायिका हैं अजीजन बाई, जिनके तवायफ खाने में स्वतंत्रता संग्राम की योजनाएं बनती थीं। उन्हीं के जीवन पर आधारित नाटक अजीजुन निसा का मंचन रविवार शाम शहीद भवन में किया गया।

## स्वच्छता पर मिला सम्मान




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** सम्राट कॉलोनी जन कल्याण महासमिति द्वारा सम्राट पार्क के आसपास खेलने वाले बच्चों की स्वच्छता ब्रिगेड बनाई गई। यह छुट्टी के दिन दो घंटे स्वच्छता का संदेश देती है। इस पर समिति ने बच्चों को सम्मानित किया।

### मोहन सरकार ने अपने एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने से चंद दिन पहले 15 आईएएस बदले

# पीडब्ल्यूडी ही नहीं, मंत्रालय से भी बाहर किए गए एसीएस गुप्ता



भोपाल. दोपहर मेट्रो।

मोहन सरकार ने अपने कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने के चंद दिन पहले भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) के 15 अधिकारियों का तबादला कर दिया। सबसे बड़ा फेरबदल लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में किया। इस विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) केसी गुप्ता को हटा दिया और उन्हें मंत्रालय से बाहर करते हुए राजभवन भेज दिया है। अब वह राज्यपाल के एसीएस होंगे। इसके पहले भी उक्त विभाग में दो अफसरों को इसी तरह कम समय में बदला जा चुका है। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि विभाग में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। फिलहाल इस विभाग का जिम्मा अस्थाई तौर पर उर्जा विभाग के एसीएस नीरज मंडलोई को दे दिया है। उधर, रीवा संभाग के अपर आयुक्त

## परमार को मुख्यमंत्री का उप सचिव बनाया

| अधिकारी का नाम | वर्तमान पदस्थापना | नई पदस्थापना |
|---|---|---|
| केसी गुप्ता | एसीएस, पीडब्ल्यूडी | एसीएस राज्यपाल |
| मुकेश चंद्र गुप्ता | पीएस राज्यपाल | सचिव, मानव अधिकार आयोग |
| अमित राठौर | अपर सचिव कार्मिक, जीएडी | पंजीयन महानिरीक्षक,कार्मिक का अतिरिक्त |
| छोटे सिंह | अपर आयुक्त, ग्वालियर संभाग | संचालक पंचायत राज, भोपाल |
| दिनेश मौर्य | उप सचिव राजस्व | नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन |
| अरुण परमार | अपर आयुक्त रीवा संभाग | उप सचिव मुख्यमंत्री |
| रजनी सिंह | अपर आयुक्त वाणिज्यक कर, इंदौर | श्रमायुक्त, इंदौर |
| मयंक अग्रवाल | नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन, भोपाल | एमडी पब्लिक हेल्थ सर्विसेस कार्पोरेशन |
| तन्वी हुडा | पदस्थापना के लिए प्रतीक्षारत | अपर आयुक्त वाणिज्यक कर, इंदौर |
| नीतू माथुर | सीईओ, स्मार्ट सिटी ग्वालियर | अपर आयुक्त रीवा संभाग |
| जमुना भिड़े | उप सचिव उद्यानिकीय एवं खाद्य प्रसंस्करण | सचिव जनजातीय प्रकोष्ठ, राजभवन |
| आशीष तिवारी | उप सचिव, जल संसाधन | उप सचिव मुख्य सचिव कार्यालय |
| सुनील दुबे | उप सचिव, संस्कृतिक एवं पर्यटन | सीईओ जिला पंचायत, भिंड |
| जगदीश गोमे | सीईओ जिला पंचायत भिंड | उप सचिव संस्कृति एवं पर्यटन |
| मनोज सरियाम | पंजीयक सहकारी संस्थाएं, भोपाल | अपर संचालक स्वास्थ्य सेवाएं |

राजस्व अरुण कुमार परमार को मुख्यमंत्री का उप सचिव बनाया है। मुख्यमंत्री कार्यालय से बीते दिनों दो आइएएस और दो राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को विभागों में भेजने के बाद यह पहली बड़ी नियुक्ति है। वहीं मुख्य सचिव अनुराग जैन की नियुक्ति के बाद उनके कार्यालय में जल संसाधन विभाग में उप सचिव रहे आशीष तिवारी को पदस्थ किया है।

## विस सत्र को लेकर सीएस सख्त अफसरों की ले रहे क्लास

### समय से प्रश्नों के जवाब देने से लेकर पूरी कार्रवाई चुस्त रखने की सलाह

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** प्रदेश में 16 दिसंबर से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र को लेकर मुख्य सचिव अनुराग जैन प्रशासनिक कसावट लाने में जुटे हैं। वह लगभग हर रोज अफसरों से विधानसभा को लेकर चर्चाएं कर रहे हैं, जरुरत पड़ने पर बैठकें भी कर रहे हैं। मुख्य सचिव का साफ कहना है कि विधानसभा को गंभीरता से लें और समस्त तैयारियां कर लें। यहां तक कि हाल ही में विधानसभा सत्र को लेकर उन्होंने एसीएस, पीएस और सचिव स्तर के अधिकारियों की बैठक बुलाई। जिसमें कहा कि सत्र के दौरान अवकाश पर जाने से बचे। विधानसभा से जुड़े प्रश्नों के उत्तर समय से भिजवाने की व्यवस्था करें। किसी भी काम में देरी न हो। सूत्रों के मुताबिक सीएस ने कहा कि सत्र में उपस्थिति को लेकर सभी गंभीर रहें। विभागों से जुड़ी कार्रवाई समय से पूरी कर लें। असल में इस सत्र को लेकर कांग्रेस उत्साह में है, क्योंकि हाल ही में विजयपुर में हुए विधानसभा उप चुनाव में कांग्रेस ने यहां सरकार को जोर का झटका देते हुए मंत्री रामनिवास रावत को हरा दिया था। जिसके बाद मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा, इस तरह कांग्रेस ने मंत्री मंडल से एक विकेट ले लिया है। हालांकि दो सीटों पर उप चुनाव हुए थे, जिसमें से बुदनी में भाजपा जीत गई, लेकिन वहां भी जीत का अंतर सवा लाख से गिरकर 13 हजार पर अटक गया था। कांग्रेस इसे भी एक तरह से अप्रत्यक्ष जीत से ही जोड़कर देख रही है और विधानसभा के पहले ही दिन बड़े विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रही है। उसी के जवाब में सरकार भी कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रही है।

## स्मार्ट मीटर से गुजरेगी रूफ टॉप सोलर पैनल की बिजली

**भोपाल.** इस माह से रूफ टॉप सोलर पैनल में सिर्फ स्मार्ट मीटर लगेंगे। इस माह से ये शुरू कर दिया गया है। कंपनी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि स्मार्ट मीटर ही लगाएं, ताकि रियल टाइम मॉनिटरिंग हो सके। छत पर पैनल से कितनी बिजली बनी और उपभोक्ता ने कितनी बिजली लाइन से ली। इसकी भी रियल टाइम मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जा रही है, ताकि रूफटॉप पैनल को लेकर विवाद व शिकायतें खत्म की जा सके। गौरतलब है कि बिजली कंपनी तीन किलोवॉट से दस किलोवॉट तक के रूफटॉप कनेक्शन पर 78 हजार रुपए सब्सिडी दे रहा है। इसके लिए उपभोक्ता को लोन की सुविधा भी है। भोपाल में सरकार ने 25 हजार रूफटॉप पैनल का लक्ष्य दिया है। शहर की कुल बिजली खपत का 50 फीसदी सोलर से ही बनाने का तय किया हुआ है।

## राजधानी में गीता जयंती पर 6000 बटुकों के सस्वर गीता पाठ से बनेगा विश्व रिकॉर्ड

### मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान व गीता जयंती की तैयारियों की मंत्री काश्यप ने की समीक्षा

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री तथा भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने 11 दिसंबर से प्रारंभ हो रहे मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान, जनकल्याण पर्व एवं लाल परेड मैदान में गीता जयंती पर आयोजित कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने समीक्षा बैठक में बताया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान की शुरुआत 11 दिसंबर से की जाएगी, जो 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के दिन संपन्न होगा। इस दौरान 11 दिसंबर से 26 दिसंबर तक जनकल्याण पर्व भी मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में लाल परेड मैदान में आयोजित कार्यक्रम की तैयारियां समय सीमा में करने के निर्देश भी मंत्री काश्यप ने अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि लाल परेड मैदान में होने वाले इस कार्यक्रम में 6000 बटुक एक साथ सस्वर गीता पाठ कर विश्व रिकॉर्ड बनाएंगे। इस कार्यक्रम के लिए सभी आवश्यक तैयारिया करने के भी निर्देश दिए गए है। मंत्री काश्यप ने निर्देश दिए कि अभियान के तहत सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के प्रत्येक वार्ड में शिविरों का आयोजन किया जाए और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को अभियान की तैयारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में पिछ?ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी, महापौर मालती राय, जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुंवर नवरंग गुर्जर,नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**लाडली बहनों के खाते में पहुंचेगी राशि :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम से लाली बहना योजना की पात्र बहनों को दिसंबर माह की राशि उनके खातों में अंतरित करेंगे। मंत्री काश्यप ने अभियान को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और हर स्तर पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## उमंग सिंगार बने आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष

भोपाल. एजेंसी

मप्र आदिवासी विकास परिषद की प्रदेश स्तरीय बैठक रविंद्र भवन में आयोजित की गई जिसमें प्रदेश पदाधिकारीयों एवं समस्त जिला अध्यक्षों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार जी को मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद का नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिसमें पूर्व एवं वर्तमान वरिष्ठ पदाधिकारीगणों की उपस्थिति मौजूद रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष तुलसीराम धूमकेती, शोभाराम भलावी, रत्नेश मरावी, आरबी वट्टी, वर्तमान विधायक चैन



सिंह वर्कड़े, विनोद इरपाचे, नरेंद्र सैयाम, नीरज वारिवा, शैलेंद्र बंटी मर्सकोले,चमन लाल उईके, राहुल मीणा जी, ज्योति पदम, कंचन मरकाम, सुजाता कुंजाम, एवं प्रदेश से आए हुए समस्त पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

## सीएम ने सैनिकों व परिवार के कल्याण के लिए दी राशि

**भोपाल।** सीएम ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर सहयोग राशि दी है। यह सैनिकों और उनके परिवार के सदस्यों के कल्याण से जुड़े कामों पर खर्च की जाएगी। मुख्यमंत्री को शनिवार सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सैनिक कल्याण संचालनालय के अधिकारियों ने ध्वज लगाया। जिस पर उन्होंने कहा कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस सशस्त्र सेना के प्रति राष्ट्रवासियों की ओर से कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है।

## स्कूलों में बच्चों को बांटी जाएंगी श्रीराम नाम लेखन पुस्तिका



हिरदाराम नगर. एजेंसी

बजरंग सेना समिति ने रविवार को ठाकी दादी दरबार के पास गुरुकृपा एसोसिएटस पर हनुमान चालीसाका पाठ किया। श्रीराम नाम लेखन पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। वेद मंत्रों के बीच श्री राम नाम लेखन पुस्तिका का विमोचन शिक्षाविद आसूदो लछ्वाणी द्वारा किया गया। समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी ने बताया कि श्रीराम नाम लेखन पुस्तिका स्कूलों में बच्चों को राज कुमार गर्ग द्वारा दी जाएगी। इसके बाद समिति द्वारा बृजकिशोर सेन को सचिव पद पर नियुक्त करने पर हार फूलों से स्वागत किया गया। इस असवसर पर बजरंग सेना समिति के अर्चक पुरोहित राज कुमार गर्ग, मुख्य सलाहाकार रुप कुमार सोनी, सलाहकार प्रभु मूलचंदानी, उपाध्यक्ष राज बिजोरिया, जीतू शिवनानी, महासचिव गुरदास रामचंदानी, सचिव राजकुमार धानुक, विष्णु नाथानी, वासुमल, कार्तिक सेन आदि उपस्थित थे।

## अस्पताल में दो बूंद जिंदगी की पिलाकर पोलिया अभियान शुरू

हिरदाराम नगर. एजेंसी

संतनगर में पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत नवजात बच्चों को दो बूंद दवा पिलाने के साथ हुई। संतनगर के विशिष्ठजनों की मौजूदगी बच्चों को दवा की खुराक पिलाई गई। अभियान 10 दिसंबर तक चलेगा। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राम बंसल ने पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरूआत की। बसंल ने पोलिया मुक्त राष्ट्र बनाने के लिए पोलिया अभियान की सतत् इस बात की गवाही है कि पूरे संकल्प के साथ देश में अभियान चलाया गया और चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य कर्मी ढूंढकर बच्चों को खुराक पिलाते हैं। इस अवसर पर अस्ताल के अधीक्षक डॉ जैन, रोगी कल्याण समिति के सदस्य बसंत चेलानी मौजूद रहे। 10 दिसंबर अस्पताल के अलावा घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।



**मेट्रो एंकर** सिविल अस्पताल में मरीजों को बांटे गए फल

## समाजसेवी के लिए हमेशा तत्पर रहते थे निहाल: चांदवानी

हिरदाराम नगर. एजेंसी

सिंधु नव जागरण समिति व स्वामी शांतिप्रकाश धर्मशाला ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी श्री निहालचंद छुगानी की प्रथम पुण्यतिथि मनाई। सिविल अस्पताल में मरीजों को फल भी वितरित किए गए। इस अवसर पर पंचायत अध्यक्ष माधू चांदवानी ने छुगानी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि सिंधु नव जागरण समिति व स्वामी शांतिप्रकाश धर्मशाला के संस्थापक थे। उनके प्रयासों से स्वामी शांतिप्रकाश धर्मशाला का निर्माण हुआ। इसके अलावा समाज में निर्धन परिवारों को कम्बल बांटना व स्कूल सामग्री बांटने का भी कार्य उनके प्रयासो से शुरु हुआ। श्रंद्धाजलि अर्पित करने वालो में सिंधु नव जागरण समिति के अध्यक्ष राम कुमार पारदासानी, धर्मशाला ट्रस्ट के महासचिव आसनदास वाधवानी, उप ब्लाक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी, सीतल चेलानी, कमलेश छुगानी, हरदास पेसवानी, मुरली गुरबानी, जे.सी डेटानी, परसराम थावानी, सुमित आहूजा, इन्द्र जनयानी, कन्हैया नागदेव, हीरो आडवाणी, खुशालदास चेलानी आदि शामिल है।



## संपादकीय

# रेपो रेट का अटल रहना

देश में महंगाई के बेकाबू होने की कई बातें तथ्यात्मक व कथ्यात्मक रूप से सामने आती रहती हैं। अब भारतीय रिजर्व बैंक ने एक बार फिर रेपो दर में कोई बदलाव न करने का जो फैसला किया है। वह भी महंगाई से ही जुडा हुआ है। यह ग्यारहवीं बार है, जब रेपो दर यथावत रखा गया। यह पिछले वर्ष की फरवरी से साढ़े छह फीसद पर बना हुआ है। इसका बोझ सबसे अधिक घर और वाहन के लिए कर्ज लेने वाले मध्यवित्त वर्ग को उठाना पड़ रहा है। इसलिए वे उम्मीद लगाए हुए थे कि अगर रेपो दर में कमी की जाएगी तो उनके कर्ज पर किस्तें कुछ कम होंगी। मगर महंगाई के ऊपर की तरफ बने हुए रुख दो देखते हुए रिजर्व बैंक ने फिलहाल इसमें किसी तरह का बदलाव करना उचित नहीं समझा। रेपो दर वह ब्याज दर है, जिस पर बैंक रिजर्व बैंक से कर्ज लेते हैं। जाहिर है, उससे अधिक दर पर वे अपने ग्राहकों को कर्ज देते हैं। पिछले वर्ष रेपो दर में बढ़ोतरी का कुछ असर महंगाई पर देखा भी गया था। मगर इतनी लंबी अवधि का अनुभव यही है कि रेपो दर ऊंची रखने से महंगाई पर कोई बहुत असर नहीं पड़ रहा। बेशक, इसका कारोबार पर असर दिखने लगा। बैंकों के कारोबार पर पड़ते नकारात्मक प्रभाव को कम करने के मकसद से सीआरआर यानी आरक्षित नगद अनुपात में पचास आधार अंक की कटौती कर दी गई है। सीआरआर यानी जो रकम बैंकों को हमेशा अपने पास आरक्षित रखनी पड़ती है। मगर इससे बैंकों को कितनी मदद मिलेगी, दावा करना मुश्किल है। अब अर्थव्यवस्था की विकास दर में कई विसंगतियां नजर आने लगी हैं। चालू वित्तवर्ष की दूसरी तिमाही की विकास दर सरकार के लिए गंभीर चेतावनी की तरह आई है। तिस पर महंगाई बेलगाम बनी हुई है। डालर के मुकाबले रुपए की कीमत चिंताजनक स्तर तक गिर चुकी है। विनिर्माण क्षेत्र हिचकोले खा रहा है। ऐसे में रेपो दर को यथावत रख कर महंगाई और विकास दर के बीच कैसे संतुलन बिठाया जा सकेगा, समझ से परे है। लंबे समय से लोगों की क्रयशक्ति बढ़ाने के व्यावहारिक उपाय आजमाने पर बल दिया जा रहा है, मगर सरकार तमाम दावों और वादों के बावजूद रोजगार सृजन और आय में विषमता के मोर्चे पर कोई ठोस उपाय नहीं जुटा पा रही है। हाल में जीडीपी के ताजा आंकडों ने भी बताया है कि दावों के मुताबिक रफ्तार नंहीं मिल पा रही है। दूसरी तरफ विगत दो महीनों में भारतीय शेयर बाजार में आ रहे उतारचढाव भी बहुत गौरतलब हैं। इसके कुछ अस्वाभाविक पहलू भी माने हैं। यह गिरावट विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) द्वारा लगातार की गई बिकवाली के कारण आई है जबकि इस अवधि में घरेलू संस्थान और खुदरा निवेशक लगातार तेजी के रुख पर रहे हैं। एक अन्य अस्वाभाविक बात यह है कि स्मॉलकैप और मिडकैप शेयरों ने लार्जकैप की तुलना में अधिक रक्षात्मक मजबूती दिखाई है। वहीं पिछले सप्ताह तक निफ्टी जहां सितंबर के उच्च स्तर से छह फीसदी नीचे है वहीं स्मॉलकैप सूचकांक 2.5 फीसदी ही लुढ़का है। तेजी के दौर में छोटी कंपनियों का आगे निकल जाना आम है। परंतु मंदी के दौर में रक्षात्मक मजबूती आसान नहीं है। यह कहा जा सकता है कि देश की अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन के तरीके बदल रहे हैं। लेकिन जरूरत इस बात की है कि सभी मोर्चे पर संतुलन इस तरह हो कि आम आदमी को राहत मिले और भविष्य की चिंता से काफी हद तक मुक्ति भी मिले।

फूलों की सुगंध हवा की दिशा में ही फैलती है। लेकिन इंसान की अच्छाई हर दिशा में फैलती है।

-चाणक्य

## आज का इतिहास

- 2013- इंडोनेशिया में बिनटारो के समीप ट्रेन हादसे में 7 की मौत और 63 घायल।
- 2011- आग की लपटों और ज़हरीले धुएं से घिरे कोलकाता के एएमआरआई (आमरी) अस्पताल में 'रम्या राजन' और 'पीके विनीथा' ने मानवता और बहादुरी की अतुलनीय मिसाल पेश की। अपनी जान की परवाह न करते हुए दोनों ने 8 मरीज़ों को सुरक्षित निकाल लिया, पर एक अन्य मरीज़ को बचाने के प्रयास में उनकी मौत हो गई।
- 2008- इसरो ने यूरोप के प्रसिद्ध उपग्रह प्रणाली विशेषज्ञ ईएडीएम एस्ट्रीयस के लिए सेटेलाइट का निर्माण किया।
- 2007- पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो ने पाकिस्तानी सरकार के साथ अपने सभी सम्बन्ध समाप्त करने की घोषणा की।
- 2006- पाकिस्तान ने परमाणु क्षमता युक्त मध्यम दूरी के प्रक्षेपास्त्र 'हत्फ़-3 ग़ज़नवी' का परीक्षण किया।
- 2003- रूस में मास्को के मध्य भाग में विस्फोट से छह लोगों की मौत और कई घायल।
- 2002- जॉन स्नो अमेरिका के नये वित्तमंत्री बने।
- 2001- यूनाइटेड नेशनल पार्टी के नेता रानिल विक्रमसिंघे ने श्रीलंका के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।
- 2000 - दक्षिण कोरिया का दर्जा विकासशील देश से बढ़कर विकसित देश किया गया।
- 1998- रूस द्वारा आर्कटिक सागर में अपक्रांतिक परमाणु परीक्षण किया गया।
- 1992- प्रिंस चार्ल्स और प्रिंसेस डायना ने अलग होने की औपचारिक रूप से घोषणा की।
- 1946- संविधान सभा की पहली बैठक नयी दिल्ली के कांस्टीट्यूनल हॉल में हुई।
- 1941- चीन ने जापान, जर्मनी और इटली के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1931- जापानी सेना ने चीन के जेहोल प्रांत पर हमला किया।
- 1924- हालैंड और हंगरी के बीच व्यापार संधि पर हस्ताक्षर।
- 1917- जनरल अलेनबाय के नेतृत्व में ब्रिटिश सेना ने यरुशलम पर क़ब्ज़ा किया।
- 1910- फ्रांसीसी सेनाओं ने मोरक्को के बंदरगाह शहर अगादीर पर क़ब्ज़ा किया।

## निशाना

### लेंगे हम संभाल !



-कृष्णेन्द्र राय

दूर होगा रहना ।
लेंगे हम संभाल ।।
तय हमें ही करना ।
क्या हो अपना हाल ।।
दखलंदाज़ी ठीक नहीं ।
सहन ना होने वाला ।।
ना ही टांग अड़ाओ ।
ना जपो फिर माला ।।
रह कर दोनों ओर ।
ना चलो ये चाल ।।
आग ना लगाओ ।
ना कुछ करो बवाल ।।
दशकों की रणनीति अब ।
होने वाली फेल ।।
हो रहे हम सक्षम ।
कस सकते नकेल ।।

# अब फिर से किसानों के नाम पर राजनीति और सड़क की लड़ाई

■ आलोक मेहता

कांग्रेस सहित कई राजनैतिक पार्टियां किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी , मुआवजे , मुफ्त बिजली इत्यादि की मांगों को लेकर नया तूफान खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं। किसानों को उनके खेतों की उपज का उचित मूल्य मिलना निश्चित रूप से जरुरी है। लेकिन देश की आवश्यकता के अनुसार अनाज , तिलहन के उत्पादन की प्राथमिकताएं तय होने पर ही सही दाम मिल सकते हैं। इसी तरह भारत के फल , सब्जी का निर्यात करने के लिए सड़क , रेल , हवाई सुविधाओं और आर्थिक संसाधन सरकार और प्राइवेट क्षेत्र को बड़े इंतजाम करने होंगे। मांगों और अपेक्षाओं की फेहरिस्त लगातार बढ़ सकती है। एक बार फिर संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) एवं किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसानों ने 6 दिसंबर को अपनी मांगों के समर्थन में दिल्ली कूच आंदोलन तेज कर दिया। वे समर्थन मूल्य (एमएसपी) के अलावा, किसान कृषि कर्ज माफी, किसानों और खेत मजदूरों के लिए पेंशन, बिजली दरों में कोई बढ़ोतरी न करने, पुलिस मामलों की वापसी और 2021 लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए 'न्याय' की मांग कर रहे हैं, भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 2013 की बहाली और 2020-21 में पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा देना भी उनकी मांगें हैं ।

इस बार किसानों के दिल्ली कूच में वह मरजीवड़ा जत्था है, जो शख्स किसी मकसद के लिए खुद को कुर्बान कर देता है। बताया जाता है कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब ने मरजीवड़ा जत्था (दल) बनाया था और इसमें भाई मतीदास, सतीदास और भाई दयाला को भी शामिल किया था। मतलब राजनीति के साथ धार्मिक भावना जोड़ दी है। 101 किसानों का यह जत्था निहत्थे और पैदल ही चलेगा। जत्थे में शामिल किसानों से सहमति फॉर्म भी भरवाया गया है। किसानों का जो आंदोलन हो रहा है, उसके पीछे संयुक्त किसान मोर्चाऔर किसान मजदूर मोर्चा है झ किसान 26 अक्टूबर को सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और समय पर धान खरीद सहित अपनी कई मांगों पर दबाव डालने के लिए संगरूर जिले के बदरुखा में बड़ी संख्या में जुटे हुए थे। शंभू बॉर्डर पर किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि मोर्चे को चलते 297 दिन हो गए है और खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन 11वें दिन में प्रवेश कर गया। शंभु बॉर्डर पर किसान करीब 300 दिनों से धरने पर बैठे हुए हैं।

दूसरी तरफ संसद में कांग्रेस और अन्य प्रतिपक्षी दल हमलावर हुए हैं। संगरूर के खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाला ने किसानों की मांगों को लेकर उपराष्ट्रपति धनखड़ को चिट्ठी भी लिखी। इस पर श्री धनकड़ इतने भावुक और उत्तेजित हो गए कि मुंबई में भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् के शताब्दी समारोह में कृषि मंत्री



शिवराज सिंह को कहने लगे - एक-एक पल आपका भारी है। कृपया करके मुझे बताइये कि किसानों से क्या वादा किया गया था? उनसे किया गया वादा क्यों नहीं निभाया गया? वादा निभाने के लिए हम क्या कर रहे हैं? गत वर्ष भी आंदोलन था, इस वर्ष भी आंदोलन हो रहा है. कालचक्र घूम रहा है, हम कुछ कर नहीं रहे हैं। पहली बार मैंने भारत को बदलते हुए देखा है। पहली बार मैं महसूस कर रहा हूं कि विकसित भारत हमारा सपना नहीं लक्ष्य है. दुनिया में भारत कभी इतनी बुलंदी पर नहीं था। जब ऐसा हो रहा है तो मेरा किसान परेशान और पीड़ित क्यों है? किसान अकेला है जो असहाय है। उप राष्ट्रपति ने अपने पद का उल्लेख करते हुए शिवराज सिंह चौहान पर सवालों की बौछार कर दी। बाद में शायद उन्हें इस रुख का अहसास हुआ या ध्यान दिलाया गया कि सरकार दो दिन पहले भी संसद में विस्तार से बता चुकी है कि सरकार कितना लाभ और फसल का अधिकाधिक मूल्य किसानों को दे रही है।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यसभा में कहा कि सभी कृषि उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा, यह मोदी सरकार की गारंटी है। कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि सरकार किसानों के साथ बातचीत के लिए तैयार है. बातचीत के दरवाजे उनके लिए खुले हैं. किसानों के साथ अभी तक संपर्क नहीं हो पाया है. प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 10 साल में किसान कल्याण के लिए कई बड़े फैसले किए हैं। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ढाई गुना और 3 गुना एमएसपी बढ़ाया है तो नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने बढ़ाया है और जब उधर (विपक्ष) की सरकार थी तो ये खरीदते नहीं थे। केवल एमएसपी घोषित करते थे। इन्होंने दलहन की खरीदी 6 लाख 29 हजार मीट्रिक टन की थी। मोदी जी की सरकार ने 1 करोड़ 71 लाख मीट्रिक टन खरीदी की है। हम खरीद भी रहे हैं, दाम भी दे रहे हैं। एमएसपी भी लगातार बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार है जिसने लागत पर 50 प्रतिशत लाभ जोड़कर मिनिमम सपोर्ट प्राइज तय की है और सामने (विपक्ष) जो मित्र बैठे हैं, उन्होंने ने तो स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश मानने से ही इनकार कर दिया था कहा था कि बाजार विकृत हो जाएगा। कृषि मंत्री ने बताया कि इस सरकार ने लागत पर 50 प्रतिशत लाभ तय करके न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है। धान की एमएसपी जब उधर (विपक्ष) की सरकार थी तब 1510 रुपये था, जिसे बढ़ाकर 2300 रुपये क्विंटल किया नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने ज्वार का एमएसपी 1500 रुपये प्रति क्विंटल था उसको बढ़ाकर 3371 रुपये प्रति क्विंटल नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने किया। बाजरा का एमएसपी 1250 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2625 रुपये प्रति क्विंटल किया तो मोदी जी की सरकार ने किया। रागी का एमएसपी 1500 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 4290 रुपये किया तो नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने किया। मक्का का एमएसपी 1310 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2225 रुपये प्रति क्विंटल किया तो नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने किया। तूर का एमएसपी 4300 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 7550 रुपये प्रति क्विंटल किया तो नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने किया। कृषि मंत्री ने कहा कि मूंग का एमएसपी 4500 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 8682 रुपये प्रति क्विंटल किया तो नरेंद्र मोदी जी सरकार ने किया।, उड़द का एमएसपी 4300 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 7600 रुपये प्रति क्विंटल किया. मूंगफली का एमएसपी 4000 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 6783 रुपये प्रति क्विंटल किया गया।

इन आंकड़ों और कृषि उत्पादों का निर्यात दुनिया के अग्रणी देशों में है। पिछले साल करीब 250 मिलियन क्विंटल निर्यात से करीब 776 मिलियन डॉलर की आमदनी भारत को हुई है। लेकिन असली समस्या किसानों के नेतृत्व की है। चौधरी चरण सिंह या चौधरी देवीलाल के किसान नेता होने पर कोई प्रश्न चिन्ह नहीं लगा पाया। हम, जैसे पत्रकार तो उनके उप प्रधान मंत्री रहते हुए सरकारी बंगले में गाय भैंस रखे जाने की खबर बना देते थे। जार्ज फर्नांडीज या मधु लिमये या दत्तोपंत ठेंगड़ी किसी भी राज्य में मजदूरों के लिए उनके साथ आंदोलन करने, जेल जाने , लाठियां खाने में आगे रहते थे। नम्बूदरीपाद ,ज्योति बसु या भूपेश गुप्त और हरकिशनसिंह सुरजीत सही अर्थों में कम्युनिस्ट विचारों और कार्यकर्ताओं के बल पर प्रभावशाली रहते थे। ऐसे सभी नेताओं को किराये पर भीड़ जुटाने की जरुरत नहीं होती थी। इस पृष्ठभूमि में सवाल उठता है कि गरीब किसान और मजदूरों का नेतृत्व क्या कोई एक या दो नेता इस समय बताया जा सकता है। देश भर में पार्टियों , जातियों , देशी विदेशी चंदे से चलने वाले संगठनों के अनेकानेक नेता हैं। तभी तो भारत सरकार दो महीने से किसानों के दावेदार नेताओं कई बैठक कर चुकी है और आज भी बातचीत को तैयार है । सिंधु बॉर्डर पर पुलिस से थोड़े टकराव के बाद प्रदर्शनकारी नेताओं ने तात्कालिक स्थगन कहकर बातचीत के लिए सहमति अवश्य दिखाई है , लेकिन मांगों की लम्बी सूची होने के कारण क्या जल्दी समझौता संभव होगा या राजनीतिक दांव पेंच चलते रहेंगे?

# तो अडानी घोटाले का 'नुमेरो उनो प्लस वन' कौन है?

■ एन.के. सिंह

सवाल किसी उद्योगपति गौतम अडानी के तमाम सरकारों को करोड़ों रुपये घूस दे कर महंगे दर पर बिजली बेचने का दीर्घकालिक अग्रीमेंट कर गरीब जनता और टैक्स पयेर्स की गाढ़ी कमाई हड़पने का नहीं है। सवाल यह भी नहीं है कि द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग की रिपोर्ट संख्या (4) में वर्णित दो किस्म के भ्रष्टाचार में से एक-कोल्युसिव (मिलकर) - किस्म के इस सिस्टमिक करप्शन की गहराई और विस्तार ने पूरे भारत की छवि दुनिया में कितनी गिराई। सवाल इसका भी नहीं है कि इतने बड़े घोटाले में कोड नेम 'नुमेरो उनो' (नंबर वन) अडानी का था या नहीं या 'नुमेरो उनो माइनस वन' उसकी एक कंपनी के सीईओ विनीत जैन का था या कोई और का।

सवाल तो यह है कि इतने बड़े सिस्टमिक फेल्योर, जिसका खुलासा भारत की 'वाचडॉग' संस्था सेबी नहीं कर पाई लेकिन जिसे अमेरिका की एजेंसी ने पूरे इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड के साथ उजागर किया, उसका 'नुमेरो उनो प्लस' कौन है। कैसे और किस नुमेरो उनो प्लस वन की शह पर पिछले दस वर्षों में यह उद्योगपति दिन-दूना रात चौगुना अपनी तिजोरी भरता रहा और देश-विदेश में नंबर दो की कमाई का काला-सफ़ेद करता रहा और जब एक अन्य विदेश खोजी संस्था -हिंडनबर्ग– विस्तार से इसके कुकृत्यों का राजफाश किया तो क्यों सेबी से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक सब ने इसकी करनी पर लगातार पर्दा डाली, इसकी रक्षा की या कुकर्मों की अनदेखी की। लोक-प्रशासन के विद्वान् दो किस्म के भ्रष्टाचार की बात करते हैं- शेकडाउन सिस्टम ऑफ़ करप्शन और पे-ऑफ सिस्टम ऑफ़ करप्शन। पहला प्राचीन अर्ध-शिक्षित और गरीब समाजों में होता है जैसा भारत में सन 1970 के पहले था। इसमें राज्य की शक्तियों का डर दिखा कर कमजोर जनता से भयादोहन किया जाता है जैसे चौराहे पर खड़ा सिपाही ट्रक ड्राइवर से करता है। ऐसा भ्रष्टाचार एक सख्त एसपी रातों-रात ख़त्म कर सकता है। लेकिन पे-ऑफ सिस्टम के भ्रष्टाचार में इंजीनियर और ठेकदार मिले होते हैं और शिकार आम जनता (न कि कोई एक व्यक्ति) होता है। कम सीमेंट वाला पुल 20 साल बाद गिरता है तब तक इंजीनियर प्रमोशन पा कर इंजीनियर-इन-चीफ बन चुका होता है और ठेकेदार पैसे के बल पर चुनाव जीत कर पीडब्ल्यूडी विभाग का मंत्री। ऐसा भ्रष्टाचार अगर किसी सिस्टम में घुस गया है तो वह आसानी से नहीं जाता। दूसरे प्रशासनिक सुधार आयोग (मोइली की अध्यक्षता वाली) ने इसे कोएर्सिव (दवाब के जरिये) और कोल्युसिव (समझौते के जरिये) कहा है।

अमेरिका की सेबी जैसे लेकिन ज्यादा ताकतवर संस्था सिक्यूरिटी एक्सचेंज




कमीशन अडानी के गोरखधंधे पर दो साल से नज़र रख रहा था। पिछले साल अडानी ग्रुप लोगों में से एक को अमेरिका की एजेंसियों ने होटल में रोककर उसके मोबाइल सहित सारे इलेक्ट्रॉनिक गजेट की जाँच की और लिखित सबूत जुटाए और अब दुनिया के एक समय के सबसे अमीर इस घराने पर मुक़दमा ठोका। पर्यावरण प्रदूषण रोकने के लिए दुनिया के देशों पर ग्रीन एनर्जी, जैसे सौर ऊर्जा की ओर शिफ्ट करने का दबाव है। भारत में भी केंद्र और राज्य सरकारें अपने यहाँ सौर उर्जा इकाइयां लगवाना चाहती हैं। अडानी ने इसका 'पोटेंशियल' (कारू का खजाना) भाँपा। तकनीकी का चरित्र होता है कि वह उत्तरोत्तर सस्ती और सहज होती जाती है। 2015 में गुजरात की सरकार ने अडानी जैसे तमाम कंपनियों से 15 रुपये प्रति यूनिट बिजली का करार किया जबकि 2020 के आते-आते कई कंपनियाँ 2-3.50 रुपये तक बिजली देने को तैयार हो गयी जिसे एक प्रश्न के उत्तर में 2021 के बजट सत्र में मंत्री ने स्वीकार किया। केंद्र सरकार की संस्था -सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ़ इंडिया (सेकी) - ऐसे सोलर ऊर्जा कंपनियों से दीर्घकालीन खरीद का समझौता करती है। लेकिन यह समझौता तभी हो सकता है जब राज्यों की सरकारें उसकी बिजली खरीदने का समझौता करें। लिहाज़ा अडानी को राज्यों में जाना पड़ा। सन 2020 के फरवरी से कोरोना का तांडव दुनिया में शुरू हो चुका था और दिसम्बर तक सरकारी आंकड़ों के अनुसार दो लाख से ज्यादा जाने ले चुका था और 2021 में नया वायरल लाशें बिछा रहा था। डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत में मरने वालों की संख्या 50 लाख से ज्यादा थी। लेकिन अडानी और देश का राजनीतिक वर्ग और भ्रष्ट सिस्टम अडानी के साथ कोरोना की कराह पर अट्टहास करता हुए 'डील' कर रहा था।

### घूस का अर्थ-शास्त्र

जाहिर है आंध्र में अफसरों और नेताओं को 1750 करोड़ रुपये का घूस देने का अर्थशास्त्र समझना होगा। आंध्र ने 7000 मेगावाट बिजली खरीद का समझौता किया। अगले 20 वर्षों में टेक्नोलॉजी बेहतर होती और सौर ऊर्जा उत्पादन लागत काफी कम होती। लेकिन करार के तहत राज्यों को मजबूरन पुराने दर पर बिजली खरीदना पड़ता। एक प्रमुख उद्योगपति के खिलाफ अमेरिका में 'इंडाइटमेंट' (अभियोग) के मूल आरोप हैं अपने ही देश के कई राज्यों के अधिकारियों को घूस देकर सौर उर्जा क्रय का कॉन्ट्रैक्ट लेना। एक ऐसे समय में जब एआई के प्रयोग और सेमी-कंडक्टर उद्योगों को अपने यहाँ लगाने के लिए भारत दुनिया में हाथ फैला कर निमंत्रण दे रहा है, जब विदेशी पूंजी-निवेश देश की अंतरसंरचना विकास में बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है और ऐसे हालत पैदा हो रहे हैं जब चीन से मुंह मोड़ कर दुनिया की बड़ी कंपनियां भारत का रुख कर सकती हैं, गवर्नेंस की भ्रष्ट छवि गहरा और दीर्घकालिक आघात पहुंचा सकती है। इस खुलासे के बाद ऐसा लग रहा है कि भारत में राजनीतिक वर्ग और अफसरशाही की 'गिद्ध-दृष्टि' उद्यमियों के उद्योग लगाने से ज्यादा उनके पैसों पर रहती है। गवर्नेंस की छवि पहले भी ख़राब रही है और हर साल की तरह इस वर्ष जनवरी में भी ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रैंकिंग के अनुसार वर्ष 2023 भारत 180 देशों में 93वें स्थान पर पाया गया यानी एक साल पहले के मुकाबले सात पायदान और नीचे। यहाँ तक कि इस इंडेक्स पर भारत दुनिया के ही नहीं एशिया-प्रशांत क्षेत्र के देशों के औसत से भी नीचे रहा।

ताज़ा घटना के बाद न केवल देश के स्टॉक मार्केट पर दुनिया के निवेशकों का भरोसा घटेगा बल्कि, भारत के निर्यात पर बुरा असर होगा। देश से निर्यातित कफ सिरप से कुछ माह पहले गाम्बिया में बच्चों की मौत का मामला डब्ल्यूएचओ ने तस्दीक किया। केंद्र व राज्य की सरकारों को सोचना होगा कि गवर्नेंस की भ्रष्ट छवि हो तो बाहर के निवेशक नए बेहतर स्थान तलाशने लगते हैं ताकि उनका पैसा कम से कम सुरक्षित रहे। शायद यही कारण है कि भारत के अधिकारियों के तमाम प्रयासों को ताइवान की प्रमुख सेमी-कंडक्टर कंपनी ने भारत का निमंत्रण ख़ारिज कर दिया। देश में भ्रष्टाचार पर गहरा प्रहार करना होगा जैसा सिंगापुर ने किया।

(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)

# नर्मदा घाट पर साफ सफाई कर जलस्रोत को स्वच्छ बनाए रखने की जागरूकता फैलाई

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

सामाजिक संस्था जय हो समिति द्वारा नर्मदा के विवेकानंद घाट पर स्वच्छता अभियान का 233वां सप्ताह उत्साह के साथ संपन्न हुआ। यह अभियान पिछले कई वर्षों से लगातार चल रहा है और इसके माध्यम से समिति नर्मदा घाट और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इस सप्ताह के अभियान में स्थानीय नागरिकों, समिति के सदस्यों और पर्यावरण प्रेमियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी ने मिलकर घाट पर जमा कचरे को साफ किया और जल स्रोत को सुरक्षित रखने के लिए जागरूकता फैलाई। जय हो समिति के सदस्य ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य नर्मदा घाट को स्वच्छ रखना और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। समिति के सदस्यों ने स्वच्छता के महत्व को समझाते हुए बताया कि नर्मदा नदी हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है और इसे स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है। समिति ने इस अभियान को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया और सभी से अपील की कि वे भी पर्यावरण की रक्षा में सक्रिय भूमिका निभाएं। जय हो समिति के इस प्रयास को क्षेत्रीय नागरिकों ने सराहा और आगे भी ऐसे आयोजनों में सहभागिता की इच्छा व्यक्त की। सफाई करने वालों में समिति अध्यक्ष अर्पित मालवीय सहित समिति के विवेक वर्मा, लोकेश विश्नोई, संदीप मालवीय, तरूण यादव, प्रथम बाबरिया, अनुराग यादव, दीपक कलोसिया, रोहित मालवीय, अनुराग वर्मा, संजु प्रजापति, विकास गुप्ता, संजय मालवीय, कौशिक बाबरिया, जतिन यादव, राम रजक, सागर पटेल, अंकित सागर, पीतम चक्रवर्ती, विशाल बाबरिया उपस्थित रहे।



## भोपाल के सनातनी ग्रुप के साथ सांसद नारोलिया ने भी लिया हिस्सा

रविवार को भोपाल के सनातनी इंफ्लुएंसर ग्रुप ने सेठानी घाट पर एक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान में समाजसेवा की भावना और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने भाग लिया। उन्होंने स्वयं युवाओं के साथ घाट की सफाई करते हुए समूह के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की। सांसद ने कहा, समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाने के लिए ऐसे अभियानों की आवश्यकता है। युवाओं की भागीदारी प्रेरणादायक है। इस स्वच्छता अभियान में सनातनी इंफ्लुएंसर ग्रुप के अध्यक्ष शुभम सोनी के नेतृत्व में कई सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे। अभियान में मुख्य रूप से विक्की गुप्ता, हनी शर्मा, गोविंद सिंह राजपूत, प्रिंस चौहान, मेघा महावर, ऋषि ओझा, पंडित पार्थ पाराशर, पंकज वर्यानी और राहुल गौर ने हिस्सा लिया। इन सभी सदस्यों ने न केवल घाट को स्वच्छ किया बल्कि वहां उपस्थित लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित भी किया। सनातनी इंफ्लुएंसर ग्रुप, जो मंदिरों की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण के क्षेत्र में अग्रणी है, अब सार्वजनिक स्थलों पर भी स्वच्छता अभियान चला रहा है। यह ग्रुप न केवल धार्मिक स्थलों को स्वच्छ बनाने के लिए कार्यरत है, बल्कि समाज में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



### नर्मदा नदी में अवैध रेत उत्खनन करने वालों पर प्रशासन बड़ी कार्यवाही

# 8 मोटर बोट और एक ट्रैक्टर-ट्राली जब्त की





**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना दिशा निर्देशों के पालन में खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के खिलाफ संयुक्त कार्यवाही की जा रही है।

जिसके चलते खनिज विभाग नर्मदा पुरम द्वारा सिवनी मालवा के नर्मदा नदी के तटों पर बसे ग्राम-डिमावर, से रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के मामले में एक ट्रेक्टर-ट्राली को जब्त कर पुलिस थाना शिवपुर की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया है।तो वहीं दूसरी ओर सिवनी मालवा के ग्राम बाबरी-डिमावर से नर्मदा नदी में रेत के अवैध उत्खनन की जानकारी मिलने पर 08 मोटर बोट्स को भी जब्त किया गया, जो पुलिस थाना शिवपुर की अभिरक्षा में रखी गई हैं। कार्यवाही के दौरान खनिज विभाग के खनिज अधिकारी दिवेश मरकाम, खनिज निरीक्षक, नर्मदापुरम पिंकी चौहान, प्रमुख खनि निरीक्षक, नर्मदापुरम कृष्णकांत सिंह परस्ते तथा पुलिस बल उपस्थित रहे।

सभी कार्यवाही मध्यप्रदेश खनिज ( अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण ) नियम 2022 के तहत की जा रही है ।



## आज से 3 दिवसीय गीता जयंती महोत्सव प्रारंभ



**नर्मदापुरम।** नर्मदा तट के सेठानी घाट पर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव का आज 9 दिसंबर सोमवार से प्रारंभ हो रहा है.गीता जयंती महोत्सव समिति के सचिव रविशंकर मिश्रा ने बताया कि तीन दिवसीय इस आयोजन में इस वर्ष कल्याण आश्रम अमरकंटक से पूज्य स्वामी योगेश्वर आनंद पधार रहे हैं। कार्यक्रम में स्वामी जी प्रतिदिन सायं 7.30 बजे से प्रवचन देंगे ।कार्यक्रम से पूर्व ऋषि कुल संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा गीता पाठ किया जाएगा ।इसके साथ ही राम सेवक शर्मा एवं राम परसाई के मार्गदर्शन में स्थानीय कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी. कार्यक्रम तिलक भवन सेठानी घाट पर प्रतिदिन सायं काल 7-00 बजे प्रारंभ होगा । आयोजन से जुड़ी हुई सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं ।समारोह समिति ने शहर के सभी धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित का अनुरोध किया है।

## चिचाम करेगी भारत का प्रतिनिधित्व



**नर्मदापुरम।** मंगोलिया में आयोजित वर्ल्ड कुराश चैंपियनशिप में समेरिटन्स की छात्रा चारु चिचाम भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। चारु चिचाम ने हाल मे ही चिल्ड्रन ऑफ़ एशिया गेम्स में भारत का नेतृत्व करते हुए कांस्य पदक अर्जित किया था। वर्ल्ड चैंपियनशिप की उपलब्धि पर मध्य प्रदेश कुराश सचिव राहुल व्यास, संचालक डॉ. आशुतोष शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, मध्य प्रदेश खेल अध्यक्ष अलोक राजपूत, सचिन खाम्पिया, कोच वैशाली तिवारी, समस्त नगर वासी में चारु को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# सीएम से की नर्मदा के जुगला टापू को पर्यटन स्थल बनाने की मांग



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

विगत दिनों नर्मदापुरम में आए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी से सिवनी मालवा विकासखंड की ग्राम पंचायत बाबरी के सरपंच प्रतिनिधि नर हरि पटेल, शिवपुर क्षेत्र के युवा नेता राजकुमार यादव ने मुलाकात कर उन्हें नर्मदा किनारे बसे ग्राम पंचायत बाबरी घाट में गौ अभ्यारण और पर्यटन केंद्र बनाने के लिए पत्र सौपा। इस सम्बंध में नरहरी पटेल ने बताया कि हमने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मुलाकात कर उनसे मांग की है कि सिवनी मालवा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बाबरी आता है। जो मां नर्मदा के किनारे पर बसा हुआ बहुत ही रमणीय स्थल है। बाबरी ग्राम में लगभग 400 एकड़ बड़े घास की शासकीय भूमि खाली पड़ी हुई है। जिस पर गौ सेवा के लिए गौ अभ्यारण बनाया जा सकता है। इसी के साथ नर्मदा तट बाबरी में 300 एकड़ का एक विशाल टापू स्थित है जो सीहोर और नर्मदापुरम सीमा के मध्य में नर्मदा नदी में बना हुआ है। जिसे जुगला टापू के नाम से लोग जानते हैं। यहां लोग पिकनिक, पार्टी आदि कार्यक्रम मनाने भी आते हैं। जिसे सुंदर पर्यटन केन्द्र भी बनाया जा सकता हैं। इसलिए जुगला टापू को पर्यटन स्थल घोषित कर विकसित किया जाए।

# स्व-सहायता समूह ने लगाई खाद्य पदार्थों की प्रदर्शनी, मिली सराहना




**नर्मदापुरम., दोपहर मेट्रो**

रीजनल इंडस्ट्री कांक्लेव में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत अनुदान प्राप्त स्वसहायता समूहों द्वारा अपने उत्पादों की लगाई गई प्रदर्शनी को काफ़ी सराहना मिली। सिटी मैनेजर दिव्या मिश्रा ने बताया कि नपाध्यक्ष और मुख्य नगरपालिका और सभापति महिमा रोहित गौर के मार्गदर्शन में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कमिश्नर के जी तिवारी, कलेक्टर सोनिया मीना, जिपं सीईओ एस एस रावत, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, उपयंत्री प्रतिमा बेलिया, आयुषी रिछारिया, सहित विधायक प्रतिनिधि ने किया। सिटी मैनेजर दिव्या मिश्रा ने बताया कि स्वसहायता समूहों द्वारा अपने उत्पाद जिसमें शहद, जैविक खाद, दोना पत्तल, होम मेड चॉकलेट, सेंटल जेल की महिला कैदियों द्वारा बनाए गए आचार, आंवला आचार, मुरब्बा आदि शामिल थे। जिनके स्वाद की अधिकारियों और नागरिकों ने काफी प्रशंसा की।

# जन अभियान परिषद ने मनाया गीता जयंती महोत्सव

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा गीता जयंती ( 11 दिसंबर ) के उपलक्ष्य में गीता जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। यह महोत्सव 8 दिसंबर से 15 दिसंबर तक मनाया जाएगा। परिषद द्वारा आज बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू की कक्षाओं में कार्यक्रम आयोजित करके इस अभियान की शुरुआत की गई।

सिवनी मालवा में यह कार्यक्रम अध्ययन केंद्र शासकीय कुसुम महाविद्यालय में आयोजित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित कक्षा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी बालकृष्ण शर्मा, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री पवन सहगल, विकासखंड समन्वयक हरिदास दायमा उपस्थित रहे। इस दौरान बालकृष्ण शर्मा ने धर्म की व्याख्या करते हुए मनुष्य जीवन में धर्म की महत्ता को किस प्रकार से कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए उपदेशों के माध्यम से मानव जीवन हेतु उपयोगी बातें बताई गई। आपने जन अभियान परिषद द्वारा समाज हित, राष्ट्र हित तथा धर्म जागरण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए हर संभव सहयोग एवं मार्गदर्शन देते रहने की बात कही। तो वहीं पवन सहगल ने इस अभियान की सार्थकता बताते हुए गांव-गांव गीता के संदेश को प्रसारित करने की कार्य योजना बताई। गीता के प्रमुख संदेशों के माध्यम से युवाओं को प्रेरित किया। हरिदास दायमा ने गीता के संदेश को जीवन में अमल करके मानव जीवन को सफल बनाने पर मार्गदर्शन दिया।

उन्होंने बताया कि परिषद की सभी नवांकुर संस्थाएं, छात्र तथा परामर्शदाता अपने-अपने सेक्टर के ग्रामों में गीता के संदेश के प्रचार प्रसार हेतु 8 से 15 दिसंबर तक कार्यक्रम आयोजित करेंगे। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता रघुवीर मालवीय ने किया तथा आभार ईश्वर विश्नोई ने व्यक्त किया। इस अवसर पर बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थी, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि, समाजसेवी उपस्थित रहे।




**मेट्रो एंकर** पूज्य पंचायत सिंधी समाज के तत्वावधान में आयोजित शिविर में भोपाल और इटारसी के विशेषज्ञ हुए शामिल

# स्वास्थ्य परामर्श शिविर में 389 मरीजों का हुआ निशुल्क उपचार, जांच

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

मरीजों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन बड़े स्तर पर करना बड़ी बात है। क्योंकि मेडिकल सेवा से बड़ी सेवा कोई नहीं है। मरीजों को उपचार मिलने से वह जल्द ही स्वस्थ हो जाते है। यह बात पूज्य पंचायत सिंधी समाज के तत्वावधान में मिहानी परिवार द्वारा आयोजित विशाल स्वास्थ्य शिविर के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधायक डा सीतासरन शर्मा ने कही।

पूज्य पंचायत सिंधी समाज के तत्वावधान में मिहानी परिवार द्वारा धर्मदास मिहानी के सौजन्य से सुपर स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सिंधी कालोनी स्थित सिंधु भवन में किया गया। इस अवसर पर भोपाल और इटारसी से आए विशेषज्ञ एवं चिकित्सकों के द्वारा मरीजों की निःशुल्क जांच की गई। शिविर में 389 मरीजों की जांच एवं उपचार दिया गया। शिविर का शुभारंभ सुबह जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डे और नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जयसवाल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इसके बाद उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वास्थ्य शिविर में सुबह से ही मरीजों की भीड़ देखी गई। जिसमें इटारसी के अलावा पुरानी इटारसी और आसपास के मरीज पहुंचे थे। जिनके ब्लड प्रेशर, शुगर के साथ ही अन्य संबंधित जांच की गई। खास बात यह है कि शिविर में सभी प्रकार के डाक्टर मौजूद थे। जो शाम तक मरीजों की जांच एवं परामर्श के साथ ही उन्हें आवश्यक दवाएं भी निःशुल्क दी गई। वहीं शिविर के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा और नपा अध्यक्ष पंकज चौरे मौजूद रहे। जिनका स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विधायक डा शर्मा ने पूज्य पंचायत सिंधी समाज और मिहानी परिवार द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर की सराहना करते हुए कहा, स्वास्थ्य कैंप के माध्यम से गरीब मरीजों को भी निःशुल्क इलाज मिल जाता है। उन्होंने मेडिकल सेवा को बड़ी सेवा बताया है। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मिहानी परिवार द्वारा की जा रही मरीजों की निशुल्क सेवा को अच्छा प्रयास बताया है। इस अवसर पर पूज्य पंचायत सिंधी समाज के अध्यक्ष धर्मदास मिहानी के अलावा मोहनलाल चेलानी, मोहनलाल मोरवानी, राम मिहानी, श्रीचंद खुरानी, कैलाश नवलानी, मनीष वसानी, श्यामलाल शिवदासानी, पार्षद कन्हैयालाल मिहानी, अर्जुनदास नवलानी, समाजसेवी संजय मिहानी, नंदलाल चेलानी, वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष गुरयानी, गौरव फुलवानी, ओम सोनी और भोजराज मूलचंदानी सहित समाज के अन्य सदस्य मोजूद रहे।

**यह चिकित्सक रहे मौजूद**-मिहानी परिवार द्वारा आयोजित निशुल्क कैंप में मरीजों की जांच के लिए भोपाल एवं इटारसी से विशेषज्ञ बुलाए गए थे।



## कांग्रेस नेता की स्मृति में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन



**नर्मदापुरम।** कांग्रेस नेता स्वर्गीय अशोक दुबे एवं कृष्ण कुमार सिंह सोलंकी की पुण्य स्मृति में रविवार को अशोका हॉस्पिटल द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम चपलासर में किया गया। शिविर का शुभारंभ ग्राम दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलन के उपरांत 2 मिनट की मौन श्रद्धांजलि स्वर्गीय श्री दुबे और सोलंकी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डा. विभोर दुबे ने बताया कि शिविर में करीब 155 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत सभी लोगों को निशुल्क दवाई प्रदान की गई। शिविर को सफल बनाने हेतु ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।

# जिन तारण स्वामी की 576 वीं जयंती, भक्ति भाव और धूमधाम के साथ तारा तार तरण समाजजनों ने मनाई, मंदिर पर धार्मिक कार्यक्रम की धूम

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

रविवार तरुण समाज जनों के द्वारा बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ तारणो को संसार सागर से तिरने का मार्ग बताने वाले आचार्य जिन तारण तरण मंडलाचार्य महाराज का जन्म जयंती महोत्सव के रूप में मनाई मंदिर पर धार्मिक कार्यक्रमों में समाज जनों ने बाढ़-चल कर भाग लिया। श्री तारण स्वामी जी की परवरिश इनके नानाजी के यहां सेमल खेड़ी में हुई थी जो नगर से थोड़ी सी दूरी पर संतों की तपोभूमि है। बसंत पंचमी पर यहां पर देशभर से तारण समाज जन शामिल होने के लिए आते हैं।

**स्वामी जी का जीवन परिचय** – श्री छद्मस्थ वाणी जी ग्रन्थ के, शिमथ्या विली वर्ष ग्यारह' सूत्रानुसार श्री तारण स्वामी को



ग्यारह वर्ष की अवस्था में सम्यग्दर्शन हो गया था। ''इक्कीस वर्ष की आयु में ब्रम्हचर्य व्रत का संकल्प लेकर वे, सत्य धर्म ''अप्पा सो परमप्पा'' अर्थात प्रत्येक जीव आत्मा स्वभाव से शुद्धात्मा है, का शंखनाद करने लगे थे। 'उन्होंने 30 बर्ष की उम्र में ब्रह्चर्य प्रतिमा धारण की तथा वीतरागता की उत्तरोत्तर साधना पूर्वक 60 बर्ष की उम्र में निर्ग्रंथ दिगम्बर साधू पद धारण किया।

सेमरखेडी के जंगल में स्थित गुफाओं में गुरूदेव ने साधना की पश्चात 151 मंडलों के आचार्य होने के कारण उन्हें मंडलाचार्य की पदवी से विभूषित किया गया। गुरूदेव के संघ में 7 निर्ग्रंथ मुनि 36 आर्यिकायें 231 ब्रह्चारणी बहिनें एवं 60 प्रतिमाधारी श्रावक थे।

## 5 साल तक के बच्चों को दो बूंद जिंदगी की अभियान शुरु

# जनप्रतिनिधियों और कलेक्टर ने पल्स पोलियो की पिलाई दवा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

रविवार को पल्स पोली अभियान के अंतर्गत शहरी क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए बूथ केदो पर जीरो से 5 साल तक के बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूंद जिंदगी की दवा पिलाने का काम किया गया। नगर पालिका पर नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू की मौजूदगी में पल्स पोलियो अभियान की दवा पिलाकर इसकी शुरुआत की गई।

इसके बाद सभी केदो पर बच्चों को दवा पिलाने का काम किया गया आज से दो दिन तक घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी इसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं का सहयोग भी दिया जा रहा है। जिनके सहयोग से दवा बनाने का काम किया जा रहा है। पल्स पोलियो अभियान के तहत आज विदिशा के जिला चिकित्सालय बूथ सेंटर पर जनप्रतिनिधियों और कलेक्टर ने नवजात बच्चों को पोलियो विमुक्ति की दवा पिलाई है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेश तिवारी सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉक्टर शिषिर रघुवंशी समेत अन्य चिकित्सकों व अधिकारियों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा सहभागिता निभाई गई है।



पल्स पोलियो अभियान के पहले दिन पोलियो बूथ पर पोलियो ड्रॉप लाने का कार्य किया जा रहा है जिला चिकित्सालय के बूथ पर शुभारंभ करते हुए जनप्रतिनिधियों ने नवजात बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स की दो बूंद पिलाई हैं उनमें जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता रघुवंशी ने मुखर्जी नगर की श्रीमती पूजा की 6 दिवसीय बच्ची को, विधायक श्री मुकेश टंडन ने दस दिन की वर्षा और 6 दिन के शिवम् को तथा नपाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शर्मा ने पांच साल के आशुतोष को जबकि कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने लटेरी की तीन माह की साक्षी को पोलियो अभियान तहत दो बूंद पोलियो विमुक्ति की दवा पिलाई है। तीन दिवसीय इस अभियान के तहत जिले में शून्य से 5 वर्ष तक के आयु के सभी बच्चों को पोलियो विमुक्ति की दवा अभियान के रूप में पिलाई जा रही है पहले दिन पल्स पोलियो बूथ सेंटर पर दवा पिलाने का कार्य किया गया है शेष दो दिन अर्थात 8 एवं 9 दिसंबर को डोर टू डोर संपर्क कर यह पता लगाया जाएगा कि बच्चों ने पोलियो विमुक्ति की दवा पी है कि नहीं यदि नहीं पी है तो संपर्क करने वाले स्वास्थ्य अमले के द्वारा मौके पर दवा पिलाकर बच्चे की उंगली पर चिन्ह लगाकर रिकॉर्ड को अपडेट किया जाएगा।

# मॉडिफाईड, तेज रफ्तार में वाहन चलाने वाले पर यातायात पुलिस ने की चालानी कार्रवाई

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

यातायात के प्रति वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को बासौदा नाका पर तेज आवाज वाले साइलेंसर ( मॉडिफाई साइलेंसर ) से ध्वनि प्रदूषण करने वाले चालकों को पकड़ कर जुर्माना किया, साथ ही ध्वनि प्रदूषण करने वाले 3 साइलेंसर को वाहन से निकलवा कर जप्त किया गया एवं कार्यवाही के अंतर्गत 11 वाहनों पर चालानी कार्यवाही करके. 4300 चलनी राशि वसूली गई इसके अलावा इन वाहन चालकों को भविष्य में मॉडिफाईड करके ऐसे साइलेंसर लगाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई इसके अलावा यातायात परिवार रितेश वाघेला ने वाहन चालकों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करके पालन करने के लिए समझाया। अभियान के अंतर्गत केडीबीएम स्कूल में पहुंच कर थाना प्रभारी संदीप कुमार पवार ने ट्रैफिक अवेयरनेस एवं साइबर क्राइम को लेकर बच्चों और स्कूल स्टाफ को जागरूक किया करते हुए उनके प्रति हमेशा सचेत रहें विस्तार से जानकारी दी। शहर में तेज आवाज के बहनों को दौड़ने का काम किया जा रहा है बड़े-बड़े साइलेंस नियम विपरीत लगवाकर प्रदूषण फैलाने का काम किया जा इनके खिलाफ कारवाई होने से



ऐसी चालकों में हड़कंप भी मच गया है। गाड़ियों में जो साइलेंसर लगे आते हैं उनकी जगह पर तेज आवाज वाले साइलेंसर लगवा कर शोर किया जाता हैं। इसी तरह अधिक आवाज वाले साइलेंसर भी इन वनों में लगाने का काम किया जा रहा है । इनको चलने वाले इन वाहनों को तेज गति में दौड़ते भी हैं ऐसे चालकों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

# मुरवास पुलिस ने जब्त किए 25 मालों को किया नष्ट

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

रविवार को मुरवास पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशा पर थाने में रखे हुए इनको माल खाने में से निकाल शुद्ध जप्त 25 मालों को नष्ट करने की करवाई विधि से की और पूरी सुरक्षा के साथ इनको नष्ट किया गया। इस दौरान प्रभारी राजेश मिश्रा, एएसआई रामनरेश शर्मा , आरक्षक संजय दुबे , राहुल रघुवंशी मौजूद थे ।



# ई-केवाईसी कार्य युद्ध पर जारी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में विदिशा जिले के सभी पात्रता धारियों को शासकीय योजनाओं व कार्यक्रमों का लाभ सुगमता से मिल सकें इसके लिए हितग्राहियों के बैंक खातों सहित अन्य तमाम जानकारियों संबद्ध कर अपडेट कराने का कार्य ई केवाईसी के माध्यम से संपादन कराया जा रहा है। इसके लिए विशेष शिविरों का आयोजन राजस्व महाअभियान के तहत ग्राम पंचायतों में हो रहा है।

बासौदा की अतिरिक्त तहसीलदार श्रीमती सविता पटेल ने बताया कि रविवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम नंदुपुरा में ई केवाईसी कार्य के साथ साथ राजस्व महाअभियान के अंतर्गत संपादित किए जाने वाले कार्यो का संपादन किया गया है। आज संपन्न हुए शिविर में ग्राम पंचायत नंदुपुरा के 50 किसानो की ई केवाईसी कार्य पूरा किया गया है। इन किसानों के खसरा को आधार से लिंक कराने का कार्य किया गया है।



अतिरिक्त तहसीलदार श्रीमती सविता पटेल ने बताया कि इन शिविरों व डोर टू डोर संपर्क के दौरान किसानों को ई केवाईसी से होंने वाले फायदों से विस्तार पूर्वक अवगत कराया जा रहा है। ताकि उन संपर्क में आने वाले अन्य हितग्राहियों को जानकारियां सुगमता से सांझा कर सकें।

# इमलानी मोड और मंडी बाईपास सड़क का होगा सीमांकन पटवारी ने जारी की सूचना, अतिक्रमण से बढ़ रही दुर्घटना

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

एसडीएम के निर्देश पर शहर की मुख्य सड़क से इमलानी को जोड़ने वाले सड़क का निर्माण हो रहा है मोड पर दोनों तरफ अतिक्रमण होने से सड़क का चौड़ीकरण नहीं हो पा रहा है इसलिए जिन लोगों के अतिक्रमण आ रहा है उन सभी को नोटिस जारी करके मार्ग का सीमांकन करवाने की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। पटवारी अभिषेक पटेरिया के द्वारा स्वयं दुकानदारों और मकान मालिकों को सीमांकन संबंध सूचना दी जा रही है। वर्तमान में 40 फिट के करीबी जगह



अभी बची हुई है । जबकि यहां पर शासन की जगह 8 से ऊपर है मकान दुकान में भी अतिक्रमण की चपेट में आ रही हैं जिनको हटाने को लिए प्रशासन के द्वारा सभी कागजी कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है सड़क चौड़ी हो जाएगी तो यहां पर जो दुर्घटना मोड पर जगह कम होने कारण होती है उसमें भी कमी हो जाएगी इसी तरह मंडी बाईपास रोड दोनों तरफ नाल का निर्माण होना उसके लिए पहले सीमांकन होगा उसके उपरांत ही नाले का निर्माण करवाया जाएगा बची हुई जगह पर सीसी कराई जाएगी इससे यहां पर सड़क भी चोरी हो जाएगी पानी निकासी की समस्या भी जो अभी उत्पन्न होती है उसमें भी सुधार जाएगा सीमांकन की जानकारी मिलते ही अतिक्रमण धारियों की चिंताएं जरूर बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार यहां पर पक्के मकानों का निर्माण भी अवैध रूप से अतिक्रमण करके सरकारी जगह पर बना रखे हैं उनको सबसे ज्यादा चिंता हो रही है टूटने की।

# नगर पालिका अधिकारी, कर्मचारियों ने की तालाब की सफाई

**सिरोंज।** नगर पालिका परिषद के द्वारा सभी के श्रमदान से तालाब का जीर्णोद्वार करने के लिए अभियान आरंभ किया है अभी इस काम को नगर पालिका अधिकारी कर्मचारी मिलकर कर रहे हैं । आने वाले दिनों में नगर वासियों को जोड़ने के लिए भी काम होगा। दूसरे शनिवार को भी नगर पालिका सीएमओ राम प्रसाद के साथ नगर पालिका अधिकारी-कर्मचारियों ने श्रमदान करते हुए तालाब में से गंदगी को एकत्रित करके कचरा गाड़ी से फिंकवाया। पिछले सप्ताह से ही प्रभारी सीएमओ साहू के प्रयास से ही इस कार्य शुरू किया गया है।



सुबह सभी अधिकारी कर्मचारी तालाब पर पहुंचे इसके बाद कचरे को एकत्रित करके झाड़ू लगाने का काम भी किया गया। प्रभारी मुख्य नगर अधिकारी राम प्रसाद साहू ने बताया कि पहले तो हम अपने अधिकारी कर्मचारियों से श्रमदान करवा रहे हैं। धीरे-धीरे करके के नगर वासियों को भी श्रमदान के लिए प्रेरित करेंगे हर रविवार को शहर के लोगों से श्रमदान करवाएंगे सबसे सहयोग से तालाब को साफ स्वच्छ बनाने का कार्य धरातल पर करने का प्रयास कर रहे हैं, इसमें सभी का सहयोग आवश्यक है।

## डेढ़ सौ कैदियों ने दी परीक्षा



**सिरोंज।** विदिशा जिला जेल विदिशा के अधीक्षक श्री पीड़ी श्रीवास्तव ने बताया कि आज रविवार को जिला जेल विदिशा में गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार जिला विदिशा के माध्यम से भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें 150 कैदी सम्मिलित हुए।

**मेट्रो एंकर** इंटरनेशनल एंटी करप्शन डे- यंगस्टर्स की राय

# अगर करप्शन को जड़ से मिटाना है तो पहले हमें आगे बढ़ाने होंगे कदम

**तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

गवर्मेंट हो या फिर अन्य डिपार्टमेंट लगभग सभी में करप्शन व्याप्त है। ये वह दीमक है जो सरकार के हर प्रयास और - संभावनाओं को खोखला कर रहा है। यह एक वैश्विक बीमारी बन गया है। क्योंकि करप्शन को आर्थिक विकास, सामाजिक विकास और राजनैतिक स्थिरता में एक महत्वपूर्ण बाधा के रूप में देखा जाता है। यदि इसे जड़ से समाप्त करना है तो सबसे पहले हमें खुद कदम आगे बढ़ाना होंगे। ये बात इंटरनेशन एंटी करप्शन डे पर यूथ ने कहीं। यूथ का मानना है कि सभी युवाओं को मिलकर करप्शन के खिलाफ लडना होगा। उन्होंने बताया कि लगभग सभी डिपार्टमेंट में करप्शन देखने को मिल रहा है। जिसे मिटाने के लिए सभी को जागरूक होकर उसके खिलाफ लडने की जरूरत है। क्योंकि करप्शन देश, प्रदेश, शहर, गांव के विकास में बड़ा रोढ़ा है। दरअसल भ्रष्टाचार के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 9 दिवस को इंटरनेशनल


गुड़िया ठाकुर


जानकी साहू


रानू गौड़


अभिषेक साहू


राहुल लोधी ठाकुर


हेमंत नामदेव

एंटी करप्शन डे मनाया जाता है।

जानकी कहती है कि स्कूल, कॉलेज में भी भ्रष्टाचार. के बारे में पढ़ा है। ये क्या होता है। इसे कैसे रोका जा सकता है आदि के बारे में बताया गया है। आज करप्शन सबसे बड़ी समस्या है। जिसे समाप्त करने के लिए सभी को आगे आना होगा तभी करप्शन को रोका जा सकता है।इसी तरह हेमंत नामदेव कहते हैं कि बड़े बुजुर्ग और शिक्षाविद अक्सर कहते हैं कि हम युवाओं के कंधों पर भ्रष्टाचार को रोकने का जिम्मा है, लेकिन इसके लिए हमें जानना होगा कि भ्रष्टाचार होता क्या है। इसे रोकने के जरिए भी पता होने चाहिए। अभिषेक साहू कहते हैं कि तकनीक के जरिए कई प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस पर और अधिक ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। वहीं लोग यदि रिश्वत नहीं देंगे और रिश्वत लेने वालों के खिलाफ आवाज उठाएंगे, तो यह सिलसिला थमेगा। गुडिया ठाकुर कहती है कि हम सभी को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है।राहुल लोधी ठाकुर कहते हैं कि खुद के अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए। इसके अलावा हमें भी दूसरों के अधिकारों का हनन नहीं करना चाहिए। इस तरह करप्शन मुक्त भारत का सपना पूरा कर सकेंगे करप्शन मिटाने के लिए जरूरी है ईमानदार होना।

रानू गौड़ कहती हैं कि छोटी-छोटी चीजों में भी करप्शन हो रहे हैं जिनमें सबसे ज्यादा करप्शन एजुकेशन हेल्थ और फूड सेक्टर में है इसलिए हम सभी को इन मुद्दों पर बोलना चाहिए।

# प्रतिबंध लगने पर फूट-फूटकर रोई थी स्विटेक



**पोलैंड की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी डोप टेस्ट में पॉजिटिव पाई गई थीं, एक महीने का लगा था बैन...**

**नई दिल्ली. एजेंसी**

मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरे ऊपर डोप पॉजिटिव पाए जाने का धब्बा लगेगा। प्रतिबंध भले ही एक महीने का था, पर यह मेरे लिए बहुत कष्टदायक था। दुनिया की नंबर दो महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्विटेक ने खुलासा किया कि जब उन्हें पता चला कि डोप टेस्ट में पॉजिटिव पाए जाने पर उनके ऊपर एक महीने का प्रतिबंध लगा दिया गया है तो वह फूट-फूटकर रोने लगी थीं। उन्हें अगस्त में सिनसिनाटी ओपन से पहले प्रतिबंधित पदार्थ ट्राइमेटाजिडीन लेने का दोषी पाया गया था। उनका बैन 12 सितंबर से 4 अक्टूबर 2024 तक लगा था।

**शुक्र है मैं अकेली नहीं थी:** स्विटेक ने कहा, सोशल मीडिया पर हर तरफ मेरे बारे में खबरें चल रही थीं। इसमें नकारात्मक खबरें भी थीं। हालांकि मुझे खुशी है कि इस दौरान मेरे साथ मेरा सपोर्ट स्टाफ, दोस्त और परिवार के लोग भी मौजूद थे।

**ऑस्ट्रेलियन ओपन में खिताबी जीत लक्ष्य:** स्विटेक ने कहा, मैं सब कुछ भूलकर नए सीजन की पॉजिटिव शुरुआत करना चाहती हूं। मेरी नजरें साल के पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन पर है, जहां मैं अच्छा प्रदर्शन करना चाहती हूं। पांच बार की ग्रैंड स्लेम चैंपियन स्विटेक कभी ऑस्ट्रेलियन ओपन नहीं जीत सकी।

### मैं इस तरह रोई, जैसे किसी की मौत हो गई

पोलैंड की 27 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, मैंने ईमेल खोला और सोचा कि यह ऐसी सूचना है जो खिलाड़ियों को नियमित रूप से मिलती रहती है, लेकिन इस बार मामला अलग था। मैंने ईमेल को पूरा पढ़ा भी नहीं और रोने लगी। मेरे मैनेजर ने बाद में कहा कि मेरी प्रतिक्रिया ऐसी थी, जैसे किसी की मौत हो गई हो या मुझे बहुत गंभीर बीमारी हो गई हो।

### 1.83 करोड़ रुपए की इनामी राशि गंवाई डोप में

पॉजिटिव पाए जाने के कारण स्विटेक को 1.83 करोड़ रुपए की इनामी राशि गंवानी पड़ी, जो उसे सिनसिनाटी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने पर मिलने वाली थी। वह कोरिया, चाइना व वुहान ओपन में नहीं खेल सकीं।

## रोहित शर्मा का कॉन्फिडेंस बना हार की वजह

# कसौटी पर कप्तान

रविवार का दिन भारतीय क्रिकेट के लिए दोहरे सदमे का दिन साबित हुआ।एक ओर जहां युवा अंडर 19 को एशिया कप फाइनल में झटका लगा,वहीं ऑस्ट्रेलिया में सीनियर दिग्गज अर्श से फर्श पर आ गिरे।टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड टेस्ट में शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा है।मेजबान टीम ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के इस डे-नाइट मुकाबले में तीसरे दिन के पहले सत्र में ही टीम इंडिया को 10 विकेट से मात दे दी।. ऑस्ट्रेलिया ने इसी के साथ ही जबरदस्त वापसी करते हुए पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है।वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के नजरिये से अहम से इस सीरीज का तीसरा मुकाबला ब्रिस्बेन के गाबा मैदान पर 14 दिसंबर से खेला जाएगा।वैसे तो ऑस्ट्रेलिया में पिंक बाल टेस्ट हमेशा से ही मेहमान टीमों के लिए बेहद चुनौती वाला रहा है,लेकिन जिस अंदाज में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया सीरीज का धमाकेदार आगाज किया था।शायद इसी वजह से क्रिकेट के चाहने वालों को टीम इंडिया से चमत्कार की आस बनी थी।पहले टेस्ट मैच में नियमित कप्तान की गैरमौजूदगी व शुभमन गिल के चोटिल होने की वजह से बुमराह की कप्तानी में टीम इंडिया ने शानदार बढ़त हासिल कर ली थी।पर्थ के मैदान पर मिली जीत में भारतीय कप्तान बुमराह ने टीम को फ्रंट से लीड कर कप्तानी की काबलियत का शानदार नमूना पेश किया था,लेकिन रोहित शर्मा एडिलेड टेस्ट में उसी अंदाज में लीड करने में नाकामयाब रहे।एडिलेड टेस्ट मैच में रोहित शर्मा और शुभमन गिल की वापसी के बाद कागजों में मजबूत नजर आ रही टीम इंडिया दोनों पारी में ताश के पत्तों की तरह ढेर हो गयी।दरअसल रोहित शर्मा की कप्तानी में घरेलू मैदानों पर लगातार 3 टेस्ट मैचों में कीवी टीम से मिली शिकस्त



आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक



ओर बतौर बल्लेबाज उनकी नाकामी का असर ऑस्ट्रेलिया दौरे के उनके पहले मुकाबले मी साफ नजर आया।वैसे तो न्यूजीलैंड के खिलाफ उनकी व विराट कोहली की बल्लेबाजी को लेकर तमाम सवाल उठने लगे थे,लेकिन पर्थ टेस्ट मैच में कोहली के शतक के बाद सवालों के घेरे में रोहित शर्मा का प्रदर्शन ही इस मैच में कसौटी पर था।वहीं पहले टेस्ट मैच में मिली जीत की लाज बचाने की जिम्मेदारी का बोझ भी उनके कॉन्फिडेंस की असल परीक्षा लेने वाला समझा जा सकता था।मेरी नजर में सही मायने में कप्तान रोहित शर्मा की दोनों ही मामलों में नाकामी टीम इंडिया के हार की मुख्य वजह रही है।पिंक बाल के इस टेस्ट मैच में एकादश फिरकी का चयन व बल्लेबाजी में बदलाव करना टीम इंडिया के लिए घातक साबित हुआ है।एडिलेड टेस्ट मैच में पर्थ टेस्ट के कामयाब केएल राहुल को ही ओपनिंग में मौका दिया गया, जबकि खुद कप्तान रोहित शर्मा नंबर-6 पर बैटिंग के लिए उतरे। कप्तान और टीम मैनेजमेंट का ये फैसला गलत साबित हुआ।यह बात वाकई समझ से परे है कि जब कप्तान रोहित शर्मा पिछले कई सालों से लगातार टेस्ट मैचों में ओपनिंग करते आये हैं तो फिर मात्र एक टेस्ट मैच में के एल राहुल की सफलता से उनका मनोबल क्यों डगमगा गया।उनके आत्मविश्वास का अंदाजा उन मैच पूर्व उस बयान में साफ नजर आता है जिसमे उन्होंने साफतौर पर यह कहा कि नंबर-6 पर बल्लेबाजी करना उनके लिए आसान नही रहेगा,लेकिन राहुल की सफलता की वजह से टीम के हित में वे यह बदलाव करेंगे।नतीजा एकदम साफ है रोहित शर्मा ने इस मैच में नंबर-6 पर बैटिंग करते हुए पहली पारी में 3 और दूसरी पारी में मात्र 6 रन बनाए।रोहित शर्मा के इस फैसले की वजह टीम मैनेजमेंट भी हो सकता है,क्योंकि अगर हेड कोच ओर मैनेजमेंट रोहित शर्मा को बतौर ओपनर ही प्रोत्साहित करते तो फिर कप्तान शायद बेमन से 6 नंबर पर बल्लेबाजी करने का फैसला शायद नहीं करते।एडिलेड में मिली हार की एक और वजह कप्तान व मैनेजमेंट के फिरकी बदलाव भी कहा जा सकता है।इस मैच में इतिहास के मद्देनजर युवा सुंदर की जगह अश्विन को मौका दिया गया,जबकि बल्लेबाजी क्रम में बांये हाथ के वाशिंगटन सुंदर लेफ्ट राइट कॉम्बिनेशन के लिहाज से भी बेहतर कहे जा सकते हैं।वैसे भी ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर फिरकी गेंदबाजी से कोई बड़े चमत्कार की आस रखना बेमानी ही है।हालांकि क्रिकेट के खेल में अगर मगर के कोई मतलब नहीं होते लेकिन टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा की बयानबाजी ओर बॉडी लैंग्वेज में उनका लो कॉन्फिडेंस साफ नजर आया।अब देखना यह दिलचस्प रहेगा कि हिटमैन बचे हुए तीन टेस्ट मैचों में कौनसा रुख अपनाते हैं।ऑस्ट्रेलिया दौरे में भले रोहित शर्मा टीम इंडिया के कप्तान हैं,लेकिन मेरा यह मानना है कि उनकी एकादश में जगह सिर्फ और सिर्फ बतौर ओपनर ही है।इस हार का विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में गंभीर सेना की स्थिति पर बड़ा असर पड़ा है।दो बार फाइनल में पहुंचने वाली टीम अब तीसरे स्थान पर खिसक गई है।अब अगर टीम इंडिया वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने में नाकाम होती है तो फिर बतौर कप्तान और खिलाड़ी रोहित शर्मा का टीम इंडिया में बने रहना आसान नहीं होगा।

### एवर्टन के स्ट्राइकर एश्ले यंग एफए कप के तीसरे दौर के मैच में उतरेंगे

# फुटबॉल इतिहास में पहली बार पिता और पुत्र आमने-सामने

**लंदन. एजेंसी**

एवर्टन के स्ट्राइकर एश्ले यंग जब एफए कप के तीसरे दौर के मैच में उतरेंगे तो उनके लिए वह मुकाबला बेहद खास बन जाएगा। 39 साल के इंग्लिश फुटबॉलर इस मैच में अपने 18 साल के बेटे टायलर के खिलाफ खेलने उतरेंगे। एफए कप के मंगलवार को घोषित ड्रॉ में एश्ले के क्लब एवर्टन का सामना पीटरबोरो यूनाइटेड से होगा। टायलर पीटरबोरो टीम के सदस्य हैं। ड्रॉ जारी होने के बाद यंग ने सोशल मीडिया पोस्ट कर अपनी खुशी का इजहार किया है। उन्होंने लिखा, वाउ... यह सपना सच होने जा रहा है। फुटबॉल इतिहास में यह पहला मौका होगा, जब पिता-पुत्र एक-दूसरे के खिलाफ खेलने उतरेंगे।



**टायलर ने अक्टूबर में किया पदार्पण:** टायलर ने आर्सेनल एकडेमी में ट्रेनिंग लेने के बाद पीटरबोरो के लिए इस साल अक्टूबर में पदार्पण किया था और उन्हें अब तक एक मैच खेलने का मौका मिला है।टायलर को एवर्टन के खिलाफ अगले साल 11 जनवरी को होने वाले इस मैच के लिए फाइनल लाइनअप में शामिल करने की उम्मीद है।

**शानदार रहा एश्ले का करियर:** एश्ले यंग का करियर बेहद शानदार रहा है। उन्होंने एवर्टन से पहले वॉटफोर्ड, एस्टन विला, मैनचेस्टर यूनाइटेड व इंटर मिलान जैसे प्रतिष्ठित क्लबों का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने अब तक कुल 724 मैच खेले हैं। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने जब 2015-16 में एफए कप जीता था, तब एश्ले यंग भी टीम का हिस्सा थे।

**एक टीम से खेलने वाली पिता-पुत्र की जोड़ी:** इससे पहले दो मौके ऐसे आए हैं जब पिता-पुत्र की जोड़ी एक ही मैच में खेलने उतरी हो, लेकिन एक-दूसरे के खिलाफ खेलने का यह पहला मौका होगा। 1951 में स्टॉकपोर्ट काउंटी के एलेक्स व डेविड हर्ट हार्टलपूल के खिलाफ खेलने उतरे थे। वहीं चेल्सी के ईदुर गुडजॉनसन 1996 में आइसलैंड के लिए अपने पिता अर्नोर स्थानापन्न के तौर पर खेले थे।



## मेट्रो बाजार

# इमरजेंसी के लिए भारत रखेगा अपना कच्चा तेल, बनेंगे भंडार

**मुंबई, एजेंसी**

भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति के लिए कच्चे तेल के आयात पर निर्भर रहता है. अनने हितों को सुरक्षित बनाने के लिए भंडार को बढ़ाने की योजना पर काम चल रहा है. भारत सरकार देश से बाहर कच्चे तेल का रणनीतिक भंडार बनाने पर विचार कर रही है. इसके लिए जापान, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर जैसे देशों के विकल्प पर गौर किया जा रहा है. हालांकि अभी इस बारे में अंतिम निर्णय नहीं हुआ है. एक रिपोर्ट के अनुसार, कच्चे तेल का रणनीतिक भंडार बनाने के लिए जापान, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर में जगह देखे जा रहे हैं. अंतिम निर्णय लेने से पहले इस फैक्टर पर गौर किया जाएगा कि साइट देश के हितों के हिसाब से



कितना व्यावहारिक है. रणनीतिक भंडार के लिए जगह चुनने में सबसे ज्यादा इस बात पर ध्यान दिया जाएगा कि स्टोरेज का किराया ट्रांसपोर्टेशन की लागत से ज्यादा न हो जाए. संयुक्त अरब अमीरात को भी विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है. यह पहली बार नहीं है, जब भारत देश से बाहर अपने कच्चे तेल को स्टोर करने का विकल्प देख रहा है. इससे पहले अमेरिका के साथ भारत का इस तरह का समझौता हो चुका है. साल 2020 में भारत और अमेरिका ने स्ट्रेटजिक पेट्रोलियम रिजर्व को लेकर एक एग्रीमेंट किया था. एग्रीमेंट में भारतीय तेल को अमेरिका में स्टोर करने की संभावनाओं पर गौर करना भी शामिल था. देश से बाहर कच्चे तेल का रणनीतिक भंडार बनाना लंबी अवधि में देश की ऊर्जा जरूरतों को सुरक्षित बनाने की रणनीति का हिस्सा है. भारत के पास अभी देश में 5.3 मिलियन टन कच्चा तेल रखने की व्यवस्था है. इसके लिए विशाखापत्तनम, मंगलुरू और पदुर में भंडार बनाए गए हैं.

# तैयारी: अब नहीं बिकेंगी सरकारी कंपनियां!

**नईदिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार अब सरकारी कंपनियों को निजी कंपनियों व उद्योगपतियों के हाथों बेचने (प्राइवेटाइजोशन) की बजाय उनकी मुनाफा सुधारने और उससे राजस्व कमाने पर जो दे सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, केंद्र सरकार अब प्राइवेटाइजेशन प्रोग्राम को ठंडे बस्ते में डालने की तैयारी कर रही है। मोदी सरकार ने सरकारी कंपनियों के निजीकरण के लिए महत्वाकांक्षी योजना बनाई थी। माना जा रहा था कि तीसरी बार सरकार बनने पर इसे तेजी से आगे बढ़ाया जा सकता है। लेकिन अब सरकार ने इस योजना से पीछे हटने का संकेत दिया है। रिपोर्ट में सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि सरकार 200 से ज्यादा सरकारी कंपनियों का मुनाफा सुधारने की योजना पर काम कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को पेश होने वाले आम बजट में नई योजना की घोषणा कर सकती है। इसमें कंपनियों के पास मौजूद बिना उपयोग वाली जमीन का एक बड़ा हिस्सा बेचना और अन्य एसेट्स का मॉनिटाइजेशन शामिल है। इसका मकसद चालू वित्तीय वर्ष 2024-24 में 24 अरब डॉलर यानी करीब 2 लाख करोड़ रुपए जुटाना और इन्हें फिर से पीएसयू कंपनियों में निवेश करना है। नई योजना के तहत प्रत्येक सरकारी कंपनी के लिए अल्पकालिक लक्ष्यों के बजाय 5 साल का प्रदर्शन और उत्पादन लक्ष्य तय किया जा सकता है। एक अधिकारी ने कहा कि सरकार अंधाधुंध संपत्ति बिक्री से ध्यान हटाकर अब पीएसयू कंपनियों के आंतरिक मूल्य को बढ़ाने पर जोर दे रही है। साल 2021 में घोषित योजना के मुताबिक दो बैंकों, एक बीमा कंपनी और स्टील, ऊर्जा और दवा सेक्टर की सरकारी कंपनियों को बेचा जाना था। साथ ही घाटे में चल रही कंपनियों को बंद किया जाना था। लेकिन सरकार केवल कर्ज में डूबी एयर इंडिया को ही टाटा ग्रुप को बेचने में सफल रही। कुछ अन्य कंपनियों को बेचने की योजना को उसे वापस लेना पड़ा। एलआइसी में सरकार की केवल 3.5त्न हिस्सेदारी बेची गई है। साथ ही कुछ अन्य कंपनियों में शेयर बेचे गए हैं। अब केंद्र सरकार अपनी मैज्योरिटी वाली कंपनियों में उत्तराधिकार योजना भी शुरू करना चाहती है। साथ ही इन कंपनियों में 2.30 लाख मैनजरों को सीनियर रोल्स के लिए तैयार करने के लिए ट्रेनिंग देने का प्रस्ताव है।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# फिल्मों में दोस्ती दिखाए जाने पर वरुण ने कहा- सबसे मजबूत भावनाओं में से एक



फिल्म 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब' के लिए चर्चा में हैं, जो दोस्तों के एक ग्रुप की कहानी है। अभिनेता ने हाल में ही ऐसी फिल्मों में दोस्ती दिखाए जाने की जरूरत को लेकर बात की है। वरुण शर्मा अपनी कॉमेडी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने फिल्मों में लगातार हास्य किरदार निभाए हैं, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद भी किया है। उन्हें फुकरे फ्रेंचाइजी और छिछोरे जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। हाल में ही उन्होंने कॉमेडी फिल्मों में किरदारों की दोस्ती दिखाए जाने को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि दोस्ती कॉमेडी फिल्मों के लिए काफी सामान्य सी आवश्यकता है, क्योंकि यह सबसे मजबूत भावनाओं में से एक है, जिसे कोई भी इंसान अनुभव कर सकता है।

### दोस्ती जिंदगी की सबसे मजबूत भावनाओं में से एक

वरुण ने आगे कहा कि दोस्ती वाली फिल्में काफी आकर्षक होती हैं। यह हमारी जिंदगी की सबसे मजबूत भावनाओं में से एक है। यह प्यार की भावना से भी ज्यादा मजबूत भावना होती है। उन्होंने आगे कहा, साल 2011 प्यार का पंचनामा में दोस्ती का एक नया नजरिया दिखाया गया था। इसके बाद आई फुकरे हो या छिछोरे सभी फिल्मों में दोस्ती और इसका पागलपन दिखाया गया, जो मडगांव से लेकर क्रू तक जारी है। उन्होंने इसमें जोड़ते हुए कहा कि मंजुम्मेल ब्वॉय्ज और आवेशम जैसी साउथ की फिल्मों में भी दोस्ती के विषय को ही दिखाया गया था।

### वाइल्ड वाइल्ड पंजाब के लिए चर्चा में

वरुण इन दिनों अपनी फिल्म वाइल्ड वाइल्ड पंजाब के लिए चर्चा में हैं। इसमें वरुण शर्मा, सनी सिंह, मनजोत सिंह और जस्सी गिल ने मुख्य भूमिका निभाई हैं। इनके अलावा पत्रलेखा और इशिता राज भी अभिनय करती हुई नजर आएंगी। अभिनेता वरुण शर्मा, खन्ने का किरदार अदा कर रहे हैं। फिल्म नशे में धुत लड़कों की कहानी है, जो अपने दोस्त के ब्रेकअप का बदला लेने की ठानते हैं। इसके लिए वो उसकी पूर्व प्रेमिका की शादी में खलल डालने का फैसला करते है। लेकिन उनकी यह योजना पंजाब जाने के बाद एक अप्रत्याशित रोमांचक यात्रा में बदल जाती है।

# आदित्य ने तोड़ा तो वॉकर ब्लैंको से जोड़ा दिल? अनन्या पांडे की लेटेस्ट पोस्ट से डेट की पुष्टि

बॉलीवुड अभिनेत्री और चंकी पांडे की बेटी अनन्या पांडे के कथित बॉयफ्रेंड वॉकर ब्लैंको ने उनके सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीतने की सराहना की, जिसके बाद अनन्या के वॉकर को किए कमेंट ने सभी को सरप्राइज कर दिया और साथ ही उनकी डेट की अफवाहों को हवा दी है। अनन्या पांडे ने आखिरकार पुष्टि कर ही दी है कि वह वॉकर ब्लैंको को डेट कर रही हैं? क्योंकि अनन्या ने वॉकर की बेस्ट एक्ट्रेस के पुरस्कार के कमेंट पर अपने शानदार रिप्लाई से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया है। अनन्या पांडे ने हाल ही में खो गए हम कहां के लिए बेस्ट एक्ट्रेस क्रिटिक्स चॉइस कैटेगरी में फिल्मफेयर पुरस्कार जीता है। वॉकर ब्लैंको ने अनन्या की जीत की सराहना की और एक प्यारा कमेंट किया, जिसके बाद अनन्या के रिप्लाई ने प्रशंसकों के बीच हलचल मचा दी है। वॉकर ब्लैंको ने अनन्या की पोस्ट को अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लाल दिल वाली इमोजी के साथ क्लैप वाली इमेजी शेयर किया। अनन्या ने स्टोरी को फिर से शेयर किया और ब्लशिंग इमोजी के साथ वॉकी लिखा। हालांकि पिछले कुछ समय से अनन्या और वॉकर को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं, लेकिन अब इन अफवाहों में कितनी सच्चाई है यह अनन्या और वॉकर ही बेहतर जानते हैं। इससे पहले वॉकर ने अनन्या के साथ डेटिंग के संकेत दिए थे। अनन्या के जन्मदिन पर वॉकर ने इंस्टाग्राम पर अनन्या की बेहद ही खूबसूरत तस्वीर के साथ एक प्यारी पोस्ट साझा की। अनन्या की मुस्कुराती हुई तस्वीर के साथ, वॉकर ने लिखा, जन्मदिन मुबारक हो सुंदर। तुम बहुत खास हो। मैं तुमसे प्यार करता हूं एनी! इस पोस्ट ने तुरंत प्रशंसकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वॉकर ब्लैंको शिकागो के एक पूर्व मॉडल हैं। उन्होंने वेस्टमिंस्टर क्रिश्चियन स्कूल में पढ़ाई की है। वॉकर वर्तमान में गुजरात के जामनगर में एक पशु आश्रय स्थल वंतारा में काम करते हैं, जिसके मालिक अनंत अंबानी हैं। अगर उनके इंस्टाग्राम को देखें तो वॉकर एक बड़े पशु प्रेमी हैं। वह अक्सर विदेशी जानवरों की तस्वीरें शेयर करते हैं और वन्यजीवों के प्रति अपने प्यार को प्रदर्शित करते हैं।



# इमरान खान ने कहा- ट्रोलिंग को गंभीरता से लेने की जरुरत नहीं

फिल्मी सितारों के लिए ट्रोलिंग कोई नई चीज नहीं है। आए दिन सितारों को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता है। सोशल मीडिया इनके लिए दो धारी तलवार के जैसे काम करता है, जहां एक तरफ इसकी वजह से वो अपने फैंस से सीधा जुड़ पाते हैं। वहीं, दूसरी तरफ इसकी वजह से कई बार उन्हें ट्रोलिंग जैसी चीजों से भी दो चार होना पड़ता है। अब इस पर हिंदी सिनेमा के मशहूर कलाकार इमरान हाशमी ने भी बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ये अभी एक वास्तविक सच्चाई है और इसे लोगों को मानने की जरुरत है। इसे बहुत ज्यादा गंभीरता से भी लेने की आवश्यकता नहीं है। इस पर विस्तार से बात करते हुए अभिनेता ने कहा कि उन्हें लगता है कि इसे लेकर दो तरह की सोच मौजूद है। कुछ अभिनेता अपनी जिंदगी की सभी चीजों को सार्वजनिक करना पसंद करते है। वहीं, कुछ अभिनेता अपनी निजी जिंदगी को निजी रखना पसंद करते हैं और वो भी इसमें ही विश्वास करते हैं। ऐसे में हो सकता है कि कई बार उन्हें अपनी निजता में दखलअंदाजी महसूस होती है। अभिनेता ने आगे कहा कि उनके लिए कभी ऐसी स्थिति नहीं आई,जब उन्हें चीजें दखलअंदाजी जैसी लगी हों। उन्होंने कहा कि उनसे मीडिया भी काफी विनम्र रही है। अभिनेता ने आगे कहा कि वह इस पर ज्यादा ध्यान नहीं देते कि सोशल मीडिया पर उनके लिए कौन क्या कह रहा है। हालांकि, इस दौरान उन्होंने माना कि ट्रोलिंग एक वास्तविकता है। उन्होंने कहा कि शायद कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो आलोचना करना पसंद करते हैं। उनके अपने जीवन में शायद कई परेशानियां हैं या कभी-कभी उनके जीवन में कुछ बुरा होता है और वह सोशल मीडिया पर दूसरों को निशाना बनाते हैं। उनके लिए कलाकार सबसे आसान लक्ष्य होते हैं। अभिनेता ने आगे कहा कि उन्हें लगता है कि ये लोगों को हल्का नमक जैसे लगना चाहिए। इसे ज्यादा गंभीरता से लेने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए।

### ऑटो चालक संदीप की हत्या करने वाले अवकेश का नहीं लगा सुराग, पुलिस की तीन अलग अलग टीम आरोपी की कर रही तलाश

# कमरे के साथ औरत बदलने का शौकीन है अवकेश, ब्लैकमेल कर ले चुका था रुपए

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**


छोला मंदिर स्थित शंकर नगर के ऑटो चालक संदीप का अपहरण कर उसकी हत्या करने वाले आरोपी अवकेश का अब तक सुराग नहीं लग सका है। उसकी तलाश में पुलिस की तीन अलग-अलग टीम लगाई गई हैं। टीम सागर, विदिशा, भोपाल और सीहोर में हर संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है, लेकिन आरोपी का कुछ पता नहीं चल सका है। इसके अलावा प्रदेश के बाहर भी एक टीम उसकी तलाश के लिए लगाई गई, लेकिन शातिर अपराधी होने के कारण वह पुलिस को लगातार चकमा दे रहा है।

### महिला के साथ रह रहा था आरोपी

आरोपी अवकेश कमरे के साथ औरत बदलने का शौकीन था। वारदात से पूर्व भी वह एक महिला के साथ किराए के कमरे में रह रहा था। वह इतना शातिर था कि न तो महिलाओं को अपनी सही जानकारी देता था और दोस्तों को भी वह सही जानकारी नहीं देता था। संदीप प्रजापति अवकेश को भलिभांति जान चुका था। अवकेश उसकी सौतेली बहन से शादी करना चाहता था। बहन की उम्र महज 19 साल है और आरोपी 45 साल का है।

### ब्लैकमेल कर ले चुका था रुपए

पुलिस की पूछताछ में पता चला कि आरोपी अवकेश की दोस्ती संदीप से थी। संदीप के घर आने जाने के दौरान उसकी दोस्ती संदीप की सौतेली बहन से हो गई थी। उसके पास संदीप की बहन की कुछ फोटो भी थी। वह संदीप के परिवार को धमकी दे रहा था कि कि मेरी शादी उससे करवा दो या फिर मुझे खर्च के लिए रुपए दो, नहीं तो मैं उसकी शादी नहीं होने दूंगा। आरोपी संदीप की बहन को ब्लैकमेल कर खर्च के लिए रुपए भी मांग चुका था। पुलिस की पड़ताल में पता चला कि वह करीब चार दर्जन महिलाओं के साथ अलग अलग कमरे में लिव इन रिलेशन में रह चुका है। आरोपी इंदौर में रह चुका है। वहां महू के किशनगंज थाना क्षेत्र में उसके खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज है।



उल्लेखनीय है कि शंकर नगर निवासी सूरज प्रजापति के बेटा संदीप प्रजापति (22) आटो चलाता था। एक दिन पहले वह अपने दोस्त अवकेश जायसवाल के साथ सलकनपुर जाने का कहकर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। पुलिस ने इस मामले में अवकेश के खिलाफ अपहरण की धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने जब मार्ग में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तो आटो की लोकेशन औबेदुल्लागंज की तरफ जाते हुए मिली। औबेदुल्लागंज और सलकनपुर के बीच पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर फोटो और हुलिए के आधार पर संदीप की तलाश की। शुक्रवार को रातापानी के जंगल में मेन रोड से करीब तीन किलोमीटर अंदर एक शव मिला, जिसकी पहचान संदीप प्रजापति के रूप में हुई थी।

## अतिथि शिक्षकों ने भविष्य सुरक्षित कराने के लिए मंत्री-विधायकों को सौंपे ज्ञापन

**भोपाल।** भविष्य सुरक्षित कराने सहित विभिन्न मांगो को लेकर अतिथि शिक्षकों द्वारा शुरू किए गए ज्ञापन सौंपने के अभियान के तहत प्रदेशभर में मंत्री, विधायकों को ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं। भोपाल में अतिथि शिक्षकों के एक दल ने अपनी मांगों को लेकर मंत्री और विधायकों को ज्ञापन सौंपे। इस दौरान आजाद अतिथि शिक्षक संघ से सुमित पाठक ने मंत्री विश्वास सारंग के अलावा कृष्णा गौर, रामेश्वर शर्मा और भगवान दास सबनानी को ज्ञापन दिए। इसमें उन्होंने कार्यानुभव और वरिष्ठता के आधार पर अतिथि शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित कराने जैसी मांग की। अतिथि शिक्षकों का कहना है कि मप्र के शासकीय स्कूलों में अल्प मानदेय पर अतिथि शिक्षक 15-16 सालों से ईमानदारी के साथ सेवा देते आ रहे हैं। मगर आज तक भविष्य अंधकारमय बना हुआ है। अतिथि शिक्षकों की मांग है कि 2 सितंबर 2020 को अतिथि शिक्षक महापंचायत में हुई समस्त घोषणाओं के आदेश तत्काल जारी करने का प्रस्ताव पारित किया जाए। हुई समस्त शिक्षक पात्रता परीक्षाओं में से किसी भी एक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण अतिथि शिक्षकों को कार्यानुभव और वरिष्ठता का लाभ देते हुए सीधे नियमित शिक्षक बनाए जाने का प्रस्ताव पारित हो। कार्यानुभव और वरिष्ठता के आधार पर अतिथि शिक्षकों की वर्ग वार, विषयवार विभागीय परीक्षा आयोजित कर नियमित शिक्षक बनाने का प्रस्ताव पारित किया जाए। जब तक विभागीय परीक्षा नहीं होती। तब तक 12 महीने का सेवाकाल एवं 65 साल की उम्र तक पद स्थायित्व करने, उक्त पद को रिक्त न मानने का प्रस्ताव पारित किया जाए।

### कोलार और राजगढ़ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

# सर्वधर्म से युवक का अपहरण करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

**वारदात में इस्तेमाल अर्टिगा और स्विफ्ट डिजायर कार जब्त**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोलार थाना क्षेत्र स्थित सर्वधर्म पर कार से आए बदमाशों ने दिनदहाड़े युवक का अपहरण कर लिया था। पुलिस ने उक्त मामले में अपहरण करने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में फरार 4 अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने अपहरण में इस्तेमाल की गई अर्टिगा और स्विफ्ट डिजायर कार जब्त की है।

डीसीपी जोन क्रमांक 4 जितेंद्र सिंह पवार ने बताया कि गत 6 दिसंबर की दोपहर अर्टिगा कार में सवार कुछ लोग सर्वधर्म कालोनी के पास हेमराज पराते नामक युवक को जबरन अपनी कार में बिठा कर ले गए। डायल 100 पर सूचना मिलते ही पुलिस ने कार का पता लगाकर शहर की नाकेबंदी की। इस दौरान पता चला कि उक्त कार ब्यावरा की तरफ गई है। वरिष्ठ अधिकारियों ने राजगढ़ एसपी से चर्चा करते हुए कार को रोकने का कहा। जिसके बाद थाना कोलार और थाना ब्यावरा देहात पुलिस की संयुक्त टीमों ने आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस टीमों ने जब राजस्थान बार्डर समेत अन्य इलाकों में घेराबंदी की तो आरोपियों ने हेमराज को उसी रात ब्यावरा के पास छोड़ दिया।




### पत्नी ने शाम को कराई थी एफआईआर

हेमराज खाटूश्याम मंदिर के पास मल्टी में रहता था। उसकी पत्नी टिफिन सेंटर का संचालन करती है। हेमराज की पत्नी पिंकी मालवीय की सोशल मीडिया पर ब्यावरा निवासी गोलू पुर्विया उर्फ गोविंद से दोस्ती हो गई थी। यह बात हेमराज को पता चली तो उसने गोलू से बातचीत करना बंद कर दिया था, जिससे गोलू नाराज था। उसने महिला से कहा कि वह अपने पति को छोड़कर उसके पास आ जाए, अन्यथा वह उसके पति का अपहरण कर लेगा। हेमराज के अचानक लापता होने के बाद पिंकी ने कोलार थाने पहुंचकर शिकायत की थी। पुलिस ने पिंकी की शिकायत पर गोलू और उसके साथियों पर अपहरण का प्रकरण दर्ज किया था।

### ब्यावरा में बदली थी कार

कोलार से हेमराज का अपहरण करने के बाद आरोपी उसे अर्टिगा कार से ब्यावरा लेकर पहुंचे। ब्यावरा पुलिस ने अर्टिगा कार को रोका तो उसमें कार चालक बृजमोहन लोधी और उसका साथी सतीश सोंधिया मिले। उन्होंने बताया कि सत्या गुर्जर के कहने पर दोनों अपने साथियों रवि सोंधिया, अरुण सेन, घनश्याम लोधी और राहुल गुर्जर के साथ हेमराज का अपहरण किया था। राजगढ़ बायपास स्थित पेट्रोल पंप के पास सत्या ने कॉल करके गोलू पुर्विया को बुलाया। गोलू अपनी स्विफ्ट डिजायर कार से आया और हेमराज को अपने साथ ले गया। उसके बाद पुलिस ने बायपास मार्ग से सत्या और गोलू को हिरासत में लिया।

### सजा सुनते ही कोर्ट से भागे मारपीट के दो आरोपी, तलाश शुरू

**भोपाल।** बैरसिया के न्यायालय परिसर में साधारण मारपीट के दो आरोपी सजा सुनते ही भाग निकले। साल 2017 में हुए साधारण मारपीट के मामले में कोर्ट ने शनिवार को उन्हें तीन-तीन महीने का कारावास और एक-एक हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई थी। सजा सुनते ही दोनों आरोपियों ने कोर्ट से दौड़ लगा दी और न्यायालयीन अभिरक्षा से फरार होने में कामयाब हो गए। बैरसिया पुलिस ने न्यायालय के कर्मचारी की शिकायत पर बीएनएस की धारा 262 के तहत न्यायालयीन अभिरक्षा से फरार होने का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि न्यायालय बैरसिया के कर्मचारी नंदकिशोर बागड़े की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया है। साल 2017 में हुई साधारण मारपीट के दो आरोपी धूर सिंह व बंटी अहिरवार दोनों निवासी कढ़ैया सबर, कोर्ट से मिली नियमित जमानत पर थे। शनिवार को प्रकरण में फैसला सुनाया जाना था। इसलिए न्यायालयीन अभिरक्षा में धूर सिंह व बंटी अहिरवार को कोर्ट में पेश किया गया था। शाम करीब पौने पांच बजे दोनों आरोपियों को कोर्ट ने तीन-तीन माह का कारावास और एक-एक हजार रुपए जुमार्ना की सजा सुनाई थी। फैसला सुनते ही दोनों आरोपी कोर्ट परिसर से फरार हो गए। थाना प्रभारी का कहना है कि जल्द ही दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया जाएगा।

# बच्चे का जन्म होने पर घर पर पार्टी मना रहे पिता की हत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित 84 एकड़ झुग्गी बस्ती इलाके में बीती रात करीब दो बजे घर पर पार्टी कर रहे युवक पर पड़ोसियों ने चाकू से हमला कर दिया। विवाद की वजह घर में हो रही पार्टी का शोर बताया जा रहा है। दरअसल, मृतक के घर चार दिन पहले ही बच्चे का जन्म हुआ था और वह परिवार के साथ पार्टी मना रहा था। शोर होने पर पड़ोसी ने मना किया तो विवाद बढ़ गया। विवाद बढ़ने पर पड़ोस में रहने वाले तीन आरोपियों ने घर में घुसकर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। युवक को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उक्त मामले में दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। तीसरे की तलाश की जा रही है। आज मृतक का शव पीएम के बाद परिजन को सौंपा जाएगा।

पुलिस के अनुसार मन्नू उर्फ मनोज चौरे (35) अयोध्या नगर स्थित 84 एकड़ झुग्गी बस्ती में परिवार के साथ रहता था। वह मजदूरी करता था। उसके घर में चार दिन पहले ही बच्चे का जन्म हुआ है। बच्चे के जन्म की खुशी में बीती रात परिजन और परिचित पार्टी मना रहे थे। पार्टी में गाने बज रहे थे। देर रात तक चल रहे कार्यक्रम में शोर शराब हो रहा था और पड़ोस में रहने वाले प्रहलाद कुशवाह ने इसका विरोध किया। उसका कहना था कि रात ज्यादा हो गई और आसपास के लोगों की नींद में खलल हो रहा है। इसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर प्रहलाद, राजू और प्रदीप मनोज के घर पहुंचे और उससे मारपीट करते हुए गले पर चाकू से हमला कर दिया। गले के पास गहरा घांव लगने से खून अधिक बहने लगा?था। आरोपी मौके से भाग निकले। इधर, परिजन मनोज को लेकर अस्पताल पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद मनोज को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उक्त मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



**शोर होने पर पड़ोसियों से हुआ था विवाद, कर दिया गले पर चाकू से हमला**

## पल्स पोलियो अभियान में दवा पिला रही एएनएम से झूमाझटकी , गिरकर मोबाइल टूटा

**भोपाल।** पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित नीरजा नगर में कल शाम पल्स पोलिया अभियान में बच्चों को दवा पिला रही एएनएम से झूमाझटकी का मामला सामने आया है। दरअसल, एएनएम का कहना था कि सुबह से दवाई पिलाने के लिए लोगों को बुलाया जा रहा है और आप अभी शाम को पहुंचे। इस बात को लेकर दवा पिलाने आए व्यक्ति ने एएनएम से अभद्रता की। अभद्रता के बाद विवाद बढ़ गया और दोनों में झूमाझटकी हो गई। झूमाझटकी में एएनएम का मोबाइल गिरकर टूट गया। पुलिस ने एएनएम की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार कमला नगर, पिपलानी निवासी 31 साल की रीता कौरव स्वास्थ्य विभाग में एएनएम हैं। रविवार को उनकी ड्यूटी पल्स पोलियो अभियान में नीरजा नगर में लगी हुई थी। वे बच्चों को दवाई पिला रही थी और घूम घूमकर लोगों को अपने बच्चों को दवा पिलाने का कहकर रही थी। शाम करीब चार बजे इलाके में रहने वाले सुमित घोगरकर अपने बच्चे को दवाई पिलाने लेकर पहुंचे। रीता ने उनसे कहा कि सुबह से दवा पिला रहे हैं और लोगों बुला रहे हैं। यह बात सुनते ही सुमित विवाद करने लगा। सुमित ने अपशब्द कहे तो विवाद बढ़ गया। विवाद बढ़ने पर सुमित ने एएनएम से झूमाझटकी शुरू कर दी। इससे उनका मोबाइल नीचे गिरकर टूट गया।

# एनसीसी 500 कैडेटों के लिए करा रहा पैरा सेलिंग गतिविधियां



### भोपाल के दशहरा ग्राउंड में 16 दिसंबर तक होगा आयोजन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ (एमपी और सीजी) निदेशालय भोपाल में 500 एनसीसी कैडेटों के लिए पैरा सेलिंग गतिविधि का आयोजन कर रहा है, ताकि उन्हें साहसिक गतिविधियों के एक भाग के रूप में हवा में उड़ने का मौका मिल सके। मेजर जनरल विक्रांत एम धूमने, एडीजी, एमपी एवं सीजी डीटीई के मार्गदर्शन में पैरासेलिंग गतिविधि को प्रेरक रूप से योजनाबद्ध किया जा रहा है। ग्राउंड पर पैरासेलिंग का संचालन ब्रिगेडियर अजीत सिंह के नेतृत्व में भोपाल एनसीसी ग्रुप मुख्यालय द्वारा किया जा रहा है। पैरासेलिंग 16 दिसम्बर 2024 तक दशहरा ग्राउंड में की जाएगी। लियो एडवेंचर एक नोडल एजेंसी है जो पैरासेलिंग गतिविधि का संचालन कर रही है। रोजाना 60-70 कैडेट पैरासेलिंग कर रहे हैं। हवा में उड़ने के रोमांच से कैडेट रोमांचित हैं।

**मेट्रो एंकर**

### एमपी नगर से गोविंदपुरा तक पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी फुटेज

# मारपीट का बदला लेने दोस्तों के साथ किया पेपर कटर से हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित पोस्ट ऑफिस के पास गत 29 नवंबर की रात युवक के गाल पर पेपर कटर से हमला करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने घटनास्थल से गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र तक सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले थे। करीब 60 से अधिक सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखने के बाद युवक ने एक आरोपी की पहचान की। इस आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी की गई।

थाना प्रभारी जयहिन्द शर्मा ने बताया कि आमिर अहमद (32) पुरानी जेल परिसर में रहता है और गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक निजी कंपनी में काम करता है। गत 29 नवंबर की रात करीब 8 बजे वह अपनी स्कूटर से घर लौट रहा था।

पोस्ट आफिस के सामने से कोर्ट की तरफ जाते समय स्कूटर पर सवार तीन लड़के उसके नजदीक पहुंचे और गाल पर पेपर कटर से हमला कर भाग निकले। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था।

कैमरों के फुटेज से मिला सुराग जांच के दौरान पुलिस ने औद्योगिक क्षेत्र स्थित आमिर के कार्यस्थल से लेकर घटनास्थल तक करीब 60 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज निकाले। फुटेज में आए एक युवक को फरियादी ने पहचान लिया।



पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने दो अन्य दोस्तों के साथ मिलकर हमला करना स्वीकार किया। उसके बाद पुलिस ने आरोपी शहाब खान (32), मेहफूज खान (44) और उनासी उर्फ अली (19) तीनों निवासी बरखेड़ी जहांगीराबाद को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों के पास से वारदात में प्रयुक्त स्कूटर और पेपर कटर जब्त किया गया है।

### आमिर ने की थी शहाब से मारपीट

पूछताछ के दौरान पता चला कि कुछ समय पहले फरियादी आमिर ने आरोपी शहाब खान के साथ मारपीट की थी। इसी का बदला लेने उसने अपने दोस्तों को तैयार किया। तीनों ने रैकी करने के बाद स्कूटर से पीछा किया और पोस्ट आफिस के पास गाल पर पेपर कटर से हमला कर भाग निकले थे।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022